सुविचार
रुकावटें तभी नजर आती है जब निशाने से नजर हट जाए

# संवाद साधना

संस्थापक - स्व.श्री विजय शर्मा ✹ महासमुंद, कोरबा एवं जांजगीर-चांपा से एक साथ प्रकाशित Email-sadhana.vivek@gmail.com

वर्ष - 20 | अंक - 309 | महासमुंद, बुधवार 14 मई 2025 डाक-15 मई 2025 | पृष्ठ-08 | मूल्य 1.00

## न्यूज ब्रेक

### रक्षा बजट में बढ़ोतरी! भारत सरकार के आदेश पर बढ़ेगा मिसाइल

**नईदिल्ली (ए.)।** भारत और पाकिस्तान के बीच हाल के तनावों ने भारत की रक्षा तैयारियों को नई गति दी है। सरकार ने स्वदेशी मिसाइलों जैसे ब्रह्मोस, आकाश, और अन्य उन्नत हथियार प्रणालियों के उत्पादन में तेजी लाने के लिए रक्षा क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों को निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही, मिसाइल भंडार को तत्काल बढ़ाने और रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने के लिए आपातकालीन उपाय किए जा रहे हैं। इस दिशा में, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की कंपनियों ने मिसाइलों, ड्रोन, एंटी-ड्रोन सिस्टम, और अन्य हथियारों के उत्पादन को तेज करने की तैयारियां शुरू कर दी हैं। भारत सरकार की इन तैयारियों को देखते हुए रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि आगामी केंद्रीय बजट में रक्षा क्षेत्र के लिए आवंटन में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। सूत्रों के अनुसार, रक्षा मंत्रालय ने मिसाइलों और अन्य रक्षा उपकरणों की आपूर्ति के लिए कंपनियों को बड़े पैमाने पर आपातकालीन ऑर्डर जारी किए हैं। एक प्रमुख रक्षा कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मंत्रालय ने साप्ताहिक आधार पर मिसाइलों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सख्त निर्देश दिए हैं। आमतौर पर, ऐसे बड़े ऑर्डर को पूरा करने में छह महीने से एक साल तक का समय लगता है, लेकिन सरकार ने कंपनियों से इन ऑर्डरों को कुछ महीनों के भीतर पूरा करने की मांग की है।

### कांस फिल्म फेस्टिवल में पहली राजस्थानी फिल्म ओमलो का प्रदर्शन

**बीकानेर(ए.)।** किसी जमाने में श्रीडूंगरगढ़ के सुनहले धोरे बॉलीवुड फिल्म निमार्ताओं के लिए पसंदीदा स्थान हुआ करते थे। यहां के धोरों पर लैला-मजनूं, ऐलान ए जंग सहित कई बॉलीवुड फिल्मों के दृश्य भी फिल्माए गए हैं, लेकिन बदलते दौर में श्रीडूंगरगढ़ अपने सुनहले धोरों की विरासत खो चुका है। तहसील के गांव धोलिया में बनी राजस्थानी फिल्म द्घओमलोद्ध के कारण अब एक बार फिर से श्रीडूंगरगढ़ का नाम फिल्मी दुनिया के रुपहले पर्दे पर वापस आया है। तपते धोरों और पानी की किल्लत के लिए पहचाना जाने वाला धोलिया गांव मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमक उठा। गांव धोलिया में बनी फिल्म ओमलो का प्रीमियर मंगलवार को कांस इंटरनेशनल फि ल्म फेस्टिवल में हुआ। इसके साथ फिल्म ओमलो को कांस फेस्टिवल में प्रदर्शित होने वाली पहली राजस्थानी फिल्म की उपलब्धि हासिल हुई है।

# 21 दिन बाद भारत लौटे बीएसएफ जवान शॉ

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद बैकफुट पर पाकिस्तान

**नईदिल्ली, 14 मई (एजेंसी)**

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के अगले ही दिन गलती से बॉर्डर पार कर गए थे।

बीएसएफ कॉस्टेबल 21 दिन तक पाकिस्तान में बंधक रहे। भारत के साथ संघर्ष में मुंह की खाने के बाद पाकिस्तान को उन्हें छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। पाकिस्तान ने 23 अप्रैल को पंजाब में अटारी सीमा पर रेंजर्स की ओर से पकड़े गए बीएसएफ जवान पूर्णम शॉ को भारत को सौंप दिया है। वाघा-अटारी बॉर्डर से उन्होंने अपने देश



में कदम रखा। दरअसल, पंजाब के फिरोजपुर सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) को गलती से पार करने के बाद पाकिस्तानी रेंजर्स ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक जवान को पकड़ लिया था। मामला 23 अप्रैल का है। जवान की पहचान 182वीं बीएसएफ बटालियन के कॉन्स्टेबल पूर्णम कुमार शॉ के रूप में हुई थी।

वह भारत-पाकिस्तान सीमा के पास खेत के पास ड्यूटी पर थे। नियमित गतिविधि के दौरान वे अनजाने में भारतीय सीमा की बाड़ को पार कर पाकिस्तानी क्षेत्र में चले गए थे, जहां उन्हें पाकिस्तान रेंजर्स ने हिरासत में ले लिया था।

### पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं पूर्णम

पूर्णम मूल रूप से पश्चिम बंगाल के रिशरा के रहने वाले हैं। कुछ दिन पहले सैनिक की पत्नी रजनी ने पति की रिहाई को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात की थी। रजनी ने चंडीगढ़ पहुंचकर बीएसएफ अधिकारियों से मुलाकात भी की थी।

### ऐसे गलती से सीमा पार गए थे शॉ

यह घटना तब हुई, जब बीएसएफ जवान पीके शॉ 182वीं बटालियन, बॉर्डर के गेट संख्या 208/1 पर तैनात थे। वे फसल कटाई के दौरान भारतीय किसानों पर नजर रख रहे थे। बीएसएफ, किसानों की सुरक्षा भी करती है। लिहाजा तेज गर्मी के मौसम में जवान ने जब पेड़ की छांव में खड़े होने का प्रयास किया तो पाकिस्तानी रेंजर्स ने उसे हिरासत में ले लिया। उनकी सर्विस राइफल भी जब्त कर ली गई। वे कुछ समय पहले ही इस क्षेत्र में तैनात हुए थे। गलती से पाकिस्तानी सीमा में प्रवेश करने वाले बीएसएफ जवान की रिहाई के लिए कई बार फ्लैग मीटिंग कॉल की गई, मगर पाकिस्तानी रेंजर्स की तरफ से कोई ठोस रिस्पांस नहीं मिल रहा था। पाकिस्तान जानबूझकर कर फ्लैग मीटिंग को तव्वजो नहीं दे रहा था। सूत्रों के मुताबिक, इसके बाद बीएसएफ के जवान की सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित कराने के लिए डिप्लोमेटिक चैनल की मदद ली गई।

# केंद्र सरकार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगी केरल सरकार

## केरल के मंत्री ने कहा, 1500 करोड़ रुपये का है मामला

**नईदिल्ली, 14 मई (एजेंसी)**

केरल सरकार ने केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि उसने राज्य को विभिन्न केंद्र प्रायोजित शिक्षा योजनाओं के तहत मिलने वाली 1,500 करोड़ रुपये की राशि रोक दी है। राज्य के शिक्षा मंत्री वी. शिवनकुट्टी ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई इसलिए की गई क्योंकि केरल ने प्रधानमंत्री स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया योजना को अपनाने से इनकार कर दिया था। अब केरल सरकार इस निर्णय को भारत के संघीय ढांचे के खिलाफ मानते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने की तैयारी कर रही है। पीएम श्री योजना, 2022 में शुरू की गई एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसका उद्देश्य देश के 14,500 से अधिक मौजूदा स्कूलों को मॉडल शिक्षण संस्थान के रूप में विकसित करना है। यह योजना राष्ट्रीय शिक्षा नीति (ठएढ) 2020 के अनुरूप कार्यान्वित की जा रही है। यह योजना केंद्र प्रायोजित योजना के रूप में लागू की जा रही है, जिसका कुल बजट 27,360



करोड़ है, जिसमें से 18,128 करोड़ केंद्र सरकार का हिस्सा होगा। यह योजना 2022-23 से 2026-27 तक पांच वर्षों की अवधि में लागू की जाएगी। बाकी 40% खर्च राज्यों को उठाना होगा, जैसा कि अन्य केंद्र योजनाओं में होता है। अब तक देश के 670 जिलों में प्राथमिक से लेकर उच्च माध्यमिक स्तर तक के 12,400 स्कूल इस योजना में शामिल हो चुके हैं।

### केरल, तमिलनाडु और बंगाल क्यों नहीं जुड़े?

केरल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल ने इस योजना के लिए आवश्यक सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया है। इन राज्यों का मानना है कि एनईपी 2020 शिक्षा का भगवाकरण करता है और इससे केंद्र सरकार का राज्य शिक्षा तंत्र पर नियंत्रण बढ़ेगा, जो संविधान में निर्धारित संघीय ढांचे के खिलाफ है। शिक्षा मंत्री शिवनकुट्टी ने कहा, राज्य सरकार ने पहले से ही अपने स्कूलों में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, स्मार्ट क्लासरूम, और अन्य नवाचार लागू कर दिए हैं। ऐसे में सिर्फ टङ्खव न करने के कारण फंड रोकना न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र ने समग्र शिक्षा अभियान (रर‌अ) के तहत मिलने वाली राशि को भी रोक दिया है, जिससे राज्य के शिक्षा कार्यक्रम प्रभावित हो रहे हैं और हजारों छात्रों पर इसका सीधा असर पड़ सकता है।

### सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने की तैयारी

अब केरल सरकार केंद्र के इस फैसले के खिलाफ न्यायिक हस्तक्षेप चाहती है। सरकार का तर्क है कि केंद्र-राज्य सहयोग आधारित योजनाओं में विचारधारा के आधार पर भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। केरल यह भी कह रहा है कि पॉलिसी असहमति को राज्य के छात्रों की शिक्षा बाधित करने का आधार नहीं बनाया जा सकता।

# राजस्थान के 10 जिलों को गृह मंत्रालय ने माना 'सेंसिटिव'

**नईदिल्ली, 14 मई (एजेंसी)**

भारत-पाक संघर्ष विराम के बाद सीमावर्ती जिलों में रौनक लौट आई है। मंगलवार से जन-जीवन सामान्य हो गया है। बाजार पहले की तरह ही खुले और बंद हुए। इसी बीच केंद्रीय गृह मंत्रालय ने प्रदेश के 10 जिलों को हवाई हमलों के हिसाब से सेंसिटिव माना है। साथ ही श्रीगंगानगर के बाद अब जैसलमेर में भी पाकिस्तानी लोकल सिम के उपयोग पर रोक लगा दी गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बॉर्डर के समवर्ती जिलों (बाड़मेर, जैसलमेर, बीकानेर, गंगानगर, जोधपुर) के अलावा जयपुर, अलवर, भरतपुर, कोटा और अजमेर जिलों के प्रमुख स्थानों पर इलेक्ट्रिक सायरन लगाने के निर्देश दिए हैं। हमले की स्थिति में ये सायरन सेंट्रलाइज्ड कंट्रोल रूम से ऑपरेट किए जाएंगे। सिविल डिफेंस निदेशालय से जारी गाइडलाइन में इसका जिक्र किया गया है।

**जोधपुर एयरपोर्ट से उड़ाने शुरू**

जोधपुर, बीकानेर, बाड़मेर, जैसलमेर और श्रीगंगानगर में स्कूल-कॉलेज, यूनिवर्सिटी, आंगनबाड़ी केंद्र और कोचिंग सेंटर्स मंगलवार से खुल गए थे। बीकानेर, जोधपुर और किशनगढ़ (अजमेर) तीनों एयरपोर्ट को मंगलवार से ऑपरेशनल कर दिया है। जबकि जोधपुर और बीकानेर से कल कोई फ्लाइट नहीं थी। वहीं, किशनगढ़ एयरपोर्ट से स्टार एयरलाइंस ने आज हैदराबाद, पुणे, लखनऊ, हिंडन, नांदेड और बेंगलुरु सहित 6 शहरों के लिए उड़ानें बहाल कर दी हैं। जोधपुर से भी आज विभिन्न शहरों के लिए उड़ानें शुरू हो गई हैं। सेना के उच्चाधिकारियों ने ग्रामीणों लोगों को ट्रेनिंग सेशन के दौरान बताया कि आने वाले समय में हमारे पड़ोसी देश से ड्रोन की गतिविधियां और भी बढ़ सकती हैं। इससे हमें निपटने के लिए हर समय तैयार रहना पड़ेगा। आम आदमी को पता होना चाहिए कि ड्रोन कैसे काम करता है और इससे दुश्मन देश को क्या फायदा मिल सकता है। यदि किसी को संदिग्ध वस्तु ड्रोन जैसी दिखाई देती है तो तुरंत ही इसकी सूचना बीएसएफ इंटेलिजेंस को देनी है।



अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने वालोंग में 'आपके द्वार' कार्यक्रम से पहले कैबिनेट मंत्रियों के साथ तिरंगा यात्रा का नेतृत्व किया

# अब बुलेटप्रूफ कार में चलेंगे जयशंकर

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद बढ़ाई गई सुरक्षा



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर की सुरक्षा में इजाफा किया गया है। जयशंकर के काफिले में एक बुलेटप्रूफ गाड़ी को शामिल किया गया है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के ऑपरेशन सिंदूर में विदेश मंत्री की अहम भूमिका रही। भारत और पाक के बीच तनाव चरम पर था उस समय जयशंकर लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मीटिंग कर रहे थे। मौजूदा हालात को देखते हुए केंद्र सरकार ने एस जयशंकर की सुरक्षा बढ़ा दी है। जयशंकर को मिलने वाली बुलेटप्रूफ कार सुरक्षा के लिहाज से काफी अहम है। इस गाड़ी में कांच काफी ज्यादा मोटा होता है और लैमिनेटेड भी होते हैं। इस कांच से गोली अंदर नहीं जा सकती। इसके अलावा, यदि गाड़ी का टायर पंक्चर हो जाता है तो यह 50 से ज्यादा किलोमीटर तक चलने में सक्षम है। इसको सुरक्षा को ध्यान में रखकर तैयार किया जाता है।

### दिल्ली पुलिस ने 25 नेताओं की सुरक्षा समीक्षा

दिल्ली पुलिस विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री और केंद्रीय मंत्रियों, सांसदों और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित भाजपा के कम से कम 25 नेताओं की सुरक्षा की भी समीक्षा कर रही है। यह निर्णय दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा द्वारा रविवार को वीआईपी की सुरक्षा पर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित एक बैठक के दौरान लिया गया। उन्होंने सैन्य टकराव के बीच, विशेष रूप से सोशल मीडिया पर पाकिस्तान के खिलाफ सार्वजनिक रूप से आवाज उठाई थी। सूत्रों ने बताया कि इसमें शामिल सभी सुरक्षाकर्मियों को फायरिंग और चिकित्सा आपातकालीन प्रशिक्षण प्रदान करने का भी निर्णय लिया गया। सूत्रों के अनुसार, जयशंकर के मामले में पुलिस ने केंद्रीय गृह मंत्रालय से खतरे का आकलन करने का आग्रह किया है। जिन उपायों पर विचार किया जा रहा है, उनमें केंद्रीय मंत्री के आवास और कार्यालय के बाहर सुरक्षाकर्मियों की संख्या बढ़ाना, उनके लिए एस्कॉर्ट कार और नया कॉल साइन लगाना शामिल है।

# जस्टिस गवई ने ली शपथ, 'एक दिन तुम उखक बनोगे लेकिन', पिता ने ऐसा क्या कहा कि जस्टिस गवई आर्किटेक्ट का सपना छोड़ बन गए वकील

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में जस्टिस बी.आर. गवई की नियुक्ति ने न केवल उनके कठिन परिश्रम और समर्पण को रेखांकित किया है, बल्कि उनके जीवन की प्रेरणादायक यात्रा को भी सामने लाया है। जस्टिस गवई, जिन्हें शुरू में आर्किटेक्चर में रुचि थी, अपने पिता की प्रेरणा और एक खास सलाह के कारण वकालत की राह पर चले, जिसने उनकी जिंदगी को नया मोड़ दिया। आइए, जानते हैं कि उनके पिता ने ऐसा क्या कहा, जिसने उन्हें आर्किटेक्ट से वकील और फिर देश के शीर्ष न्यायाधीश तक का सफर तय करने के लिए प्रेरित किया। जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई ने आज भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में उन्हें शपथ दिलाई। वह देश के पहले बौद्ध और दूसरे दलित उखक हैं, जिन्होंने जस्टिस संजीव खन्ना का स्थान लि, जो 13 मई 2025 को सेवानिवृत्त हुए। जस्टिस गवई का कार्यकाल 23 नवंबर 2025 तक रहेगा। शपथ ग्रहण के बाद, उन्होंने अपनी माँ कमलताई गवई के पैर छूकर आशीर्वाद लिया, जिसे उनकी माँ ने उनकी कड़ी मेहनत और सामाजिक सेवा का परिणाम बताया। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद, और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई का जन्म 24 नवंबर 1960 को महाराष्ट्र के अमरावती में एक मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ था। उनके पिता, रामकृष्ण गवई, एक वकील और सामाजिक कार्यकर्ता थे, जिन्होंने अपने बेटे को हमेशा बड़े सपने देखने और समाज के लिए कुछ बड़ा करने की प्रेरणा दी। जस्टिस गवई ने शुरू में आर्किटेक्चर में रुचि दिखाई और इस क्षेत्र में करियर बनाने का सपना देखा। हालांकि, उनके पिता ने उन्हें एक ऐसी सलाह दी, जिसने उनकी जिंदगी की दिशा बदल दी।

# नया विधानसभा भवन निर्माण सितम्बर तक हर हाल में पूर्ण करें

**रायपुर, 14 मई (एजेंसी)**

नवा रायपुर के सेक्टर-19 में 51 एकड़ भूमि पर छत्तीसगढ़ की नवीन विधानसभा का निर्माण तीव्र गति से जारी है। अब तक 95 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण हो चुका है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मुख्यमंत्री निवास में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में निर्माण की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की और इसे सितम्बर तक हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा, यह भवन छत्तीसगढ़ की लोकतांत्रिक चेतना और सांस्कृतिक गरिमा का प्रतीक बनेगा। इसकी भव्यता और कार्यक्षमता नई पीढ़ी को प्रेरित करेगी। नवीन विधानसभा भवन के निर्माण कार्यों को तीन प्रमुख विंगों में विभाजित किया गया है। विधानसभा सचिवालय, विधानसभा सदन और सेंट्रल हॉल परिसर। इनमें दर्शक दीर्घा, मीडिया दीर्घा, सभागृह कक्ष,



पुस्तकालय, विद्युतीकरण, वातानुकूलन, डामरीकरण, उद्यानिकी, जल एवं विद्युत आपूर्ति, आंतरिक साज-सज्जा और फि क्स्ड फ र्नीचर का कार्य तीव्र गति से जारी है। साज-सज्जा और फि क्स्ड फ र्नीचर का कार्य तीव्र गति से जारी है।

बैठक में लोक निर्माण विभाग, उद्यानिकी, संस्कृति विभाग और चिप्स द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। सभी विभागों को निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। विधानसभा परिसर में फायर फाइटिंग सिस्टम, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, अत्याधुनिक ऑडियो-वीडियो प्रणाली, 300 किलोवॉट सोलर पैनल और 500 सीटर ऑडिटोरियम की स्थापना की जा रही है, जिससे यह परिसर पर्यावरणीय दृष्टि से भी आदर्श उदाहरण बने। संस्कृति विभाग द्वारा परिसर में छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक-संस्कृति को समर्पित संग्रहालय का निर्माण भी किया जाएगा, जो राज्य की सांस्कृतिक विविधता और धरोहर को प्रदर्शित करेगा। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानन्द, मुकेश बंसल, डॉ. बसवराजू एस, विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रेक

### आकाशीय बिजली के चपेट में आने से तीन बच्चे घायल

**कोरबा,14 मई ( एजेंसी )।** जिले के कुरूडीह गांव में एक बार फिर आकाशीय बिजली ने तबाही मचाई है। गांव के पास तालाब के किनारे घूमने गए तीन बच्चे अचानक गिरी बिजली की चपेट में आ गए। इस हादसे में मनीष कश्यप (14 वर्ष) और लोकेश कुमार कर्ष (13 वर्ष) गंभीर रूप से झुलस गए, जबकि उनका एक अन्य साथी बेहोश हो गया। घटना के समय क्षेत्र में तेज बारिश और गरज-चमक हो रही थी। कुछ समय बाद एक बच्चे को होश आया और वह किसी तरह घर पहुंचा और परिजनों को घटना की सूचना दी। इसके बाद 112 की मदद से घायलों को तत्काल जिला मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां दो बच्चों की हालत गंभीर बनी हुई है।

### जानलेवा हमला करने वाला पकड़ाया

**भिलाई,14 मई ( एजेंसी )।** दुर्ग जिले की थाना जामुल पुलिस ने मामूली विवाद पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है तथा आरोपी से धारदार हथियार चाकू जप्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 12 मई को प्रार्थी साहिल कुमार निवासी तालपुरी ने बताया कि कुलदीप उर्फराहुल, हाउसिंग बोर्ड के साथ उसके घर के पास बैठकर शराब पी रहे थे । इसी बीच कुलदीप उर्फ राहुल के जीजा को काला बोलने की बात पर वाद विवाद हुआ और कुलदीप उर्फ राहुल अपने पेंट के पीछे जेब में रखे बटनदार चाकू निकालकर उसे पर प्राणघातक वार कर चोंट पहुंचाकर फरार हो गया । प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना जामुल में धारा 109 बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना के दौरान फरार आरोपी की पतासाजी कर आरोपी कुलदीप उर्फ राहुल सिंह को घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी से पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू जप्त किया गया । आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। आरोपी का पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड है।

### मोटर सायकल चोर पकड़ाया

**भिलाई,14 मई ( एजेंसी )।** भिलाई की सुपेला थाना पुलिस ने मोटर सायकल चोरी करने वाले एक नाबालिग सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अब्दुल कादिर द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 12 मई को अनिकेत अपनी मो. सा. टीवीएस अपाचे क्रमांक सीजी 07 एल जेड 7533 को सर्विसिंग कराने आया था। प्रार्थी सर्विसिंग कर रहा था उसी समय 04 लड़के पुस्कर जांगडे, अमन शाह, सागर शर्मा एवं एक नाबालिग बालक आये और प्रार्थी को यहां गाड़ी कौन छोड़ा है कह कर डराकर चोरी करने की तैयारी के साथ आकर गालियां देकर मारपीट कर मोटरसायकल टीवीएस अपाचे क्र सी. जी. 07 एल जेड को चोरी कर ले गये । रिपोर्ट पर थाना सुपेला में धारा 307 बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना एवं आरोपियों की पतासाजी के दौरान सूचना मिली कि 04 व्यक्ति चोरी की वाहन मो. सा. टीवीएस अपाचे बिक्री हेतु ग्राहक तलाश रहे है। इस सूचना तत्काल मौके पर जाकर घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकारते हुए टीवीएस अपाचे अब्दुल कादिर के यहां से चोरी करना स्वीकार किये। आरोपियों से मोटर साइकिल विधिवत जप्त कर आरोपियों को आज दिनांक 13 मई को न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

# अब रजिस्ट्री के बाद होगा स्वतः नामांतरण, अलग से नहीं करनी होगी कोई प्रक्रिया

## रजिस्ट्री की दस नई क्रांतियों पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

**जांजगीर-चांपा, 14 मई ( संवाद साधना )।** जिला पंचायत जांजगीर-चांपा के सभाकक्ष में रजिस्ट्री की दस नई क्रांतियों पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला मंव जनप्रतिनिधियों, अधिवक्तागण, मीडिया प्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। इस अवसर पर सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं वित्त मंत्री ओ पी चौधरी ने बहुत अच्छी नीती लाई है। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्री की 10 क्रातियों से आमजनों एवं किसानों को लाभ मिलेगा। रजिस्ट्री, नामंतरण में जो समस्या आती थी उसे दूर करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने 10 क्रांति लाई है जिससे पारदर्शी ढंग से रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण होगा।

खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व वित्त मंत्री श्री ओ पी चौधरी के नेतृत्व में रजिस्ट्री में की गई 10 नई क्रांति बहुत अच्छी पहल है। रजिस्ट्री, नामंतरण एवं अन्य समस्याओं का हल निकालने सरकार का बेहतर प्रयास है। सरलीकरण एवं सुविधाओं का विस्तार भी किया जा रहा है। इससे नामंतरण की प्रक्रिया आसान हो जाएगा तथा साथ ही नागरिक डीजीलॉकर में सारे दस्तावेजो को सुरक्षित रख सकते हैं। उन्होंने इस नई क्रांति के लिए सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी। विधायक पामगढ़ श्रीमती शेषराज हरबंश ने कार्यक्रम संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की बहुत अच्छी पहल है। नागरिकों को अब नामंतरण के लिए परेशानी नहीं होगी एवं सुविधाओं में विस्तार होगा। विधायक जांजगीर-चांपा ब्यास कश्यप ने कहा 10 क्रांतियों से आमजनों के लिए रजिस्ट्री, नामतंरण संबंधी समस्याओं का सामना नहीं होगी। साथ ही उन्होंने इसके संबंध में सुझाव भी दिए। इस दौरान कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कार्यशाला में 10 क्रांतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती उमा राजेन्द्र राठौर, राजकुमार साहू, श्रीमती मोहनमति साहू, महादेव नेताम, सुश्री आशा साव, श्रीमती प्रियंका पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह, इंजी. रवि पांडेय, सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, सर्व एसडीएम, तसीलदार सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी व मीडिया प्रतिनिधि कार्यक्रम में उपस्थित रहे। मास्टर ट्रेनर्स ने वर्कशॉप में विस्तार से दी जानकारी-पंजीयन विभाग द्वारा किए गए 10 नए सुधारों को लेकर के मास्टर ट्रेनर सत्य प्रकाश गौरहा एवं पवन मरावी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिवक्ताओं, अधिकारियों व मीडिया प्रतिनिधियों को प्रजेन्टेशन के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी तथा उनके शंकाओं का समाधान भी किया।



### ये है रजिस्ट्री की 10 क्रांतिकारी पहल

फर्जी रजिस्ट्री रोकने के लिए आधार सत्यापन-पंजीयन साफ्टवेयर को आधार लिंक किया गया है, पंजीयन के समय क्रेता-विक्रेता एवं गवाहों की पहचान आधार रिकार्ड व बायोमेट्रिक के माध्यम से की जाएगी जिससे गलत व्यक्ति को खड़े कराकर पंजीयन नही हो सकेगा। आम जनता को फर्जीवाड़े का शिकार नही होना पड़ेगा और फर्जी रजिस्ट्री की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा। रजिस्ट्री खोज एवं डाउनलोड की सुविधा-आम आदमी वर्षों की जमा पूंजी लगाकर स्वयं का घर खरीदते है, इसलिए संपत्ति खरीदने से पहले पूरी जांच पड़ताल आवश्यक है। अभी रजिस्ट्री की जानकारी के लिए पंजीयन कार्यालय में स्वयं या वकील के माध्यम से उपस्थित होकर सर्च करना पड़ता है, रजिस्ट्री खोज का प्रावधान होने से खसरा नंबर डालते ही उस खसरे के पूर्व के समस्त लेनदेन की जानकारी एक क्लिक पर प्राप्त हो सकेगी। खसरा नंबर दर्ज कर संपत्ति की पूर्व रजिस्ट्री की जानकारी देखी जा सकती है और रजिस्ट्री दस्तावेज डाउनलोड किए जा सकते हैं। इससे क्रेताओं को विवादित या बंधक जमीन की जानकारी पहले ही प्राप्त हो जाएगी।

## बलरामपुर में अवैध रेत खनन रोकने गई टीम पर हमला, आरक्षक की मौत - हाईकोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान

**बिलासपुर, 14 मई ( एजेंसी )।** बलरामपुर जिले के लिब्रा घाट पर अवैध रेत खनन रोकने गई वन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम पर झारखंड के रेत माफिआओं ने हमला कर दिया। इस हमले में आरक्षक शिवभजन सिंह की ट्रैक्टर से कुचले जाने से मौत हो गई। इस गंभीर मामले पर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी है। मुख्य न्यायाधीश रमेश कुमार सिन्हा और न्यायमूर्ति विभु दत्त गुरु की डिवीजन बेंच ने मामले की सुनवाई के दौरान तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि अवैध खनन पर रोक के स्पष्ट निर्देश होने के बावजूद इस तरह की घटनाएं होना बेहद गंभीर और चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। कोर्ट ने यह भी कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए। मामले की अगली सुनवाई 9 जून को निर्धारित की गई है। जानकारी के अनुसार, नदी किनारे अतिक्रमण और अवैध खनन की शिकायत मिलने पर वन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी। जब टीम ने अवैध रेत खनन कर रहे झारखंड के माफिआओं को रोकने की कोशिश की, तो उन पर हमला कर दिया गया। इसी दौरान आरक्षक शिवभजन सिंह को माफिआओं ने ट्रैक्टर से कुचल दिया। घटना की सूचना मिलते ही आईजी दीपक झा और एसपी वैभव बैंकर मौके पर पहुंचे। इस पूरे मामले में आईजी ने कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी दिव्यकांत पांडेय को निलंबित कर दिया। आदेश में कहा गया है कि टीआई ने बिना वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किए, आधी रात को अपर्याप्त बल के साथ अभियान चलाया, जिससे यह दर्दनाक घटना घटी। यह घटना न सिर्फकानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है, बल्कि रेत माफिआओं के बढ़ते हौसले और प्रशासन की तैयारियों पर भी गंभीर चिंता जताती है।



## अतिरिक्त अर्जित अवकाश स्वीकृति का जारी हुआ निर्देश

**जांजगीर-चांपा, 14 मई ( संवाद साधना )।** कोविड ड्यूटी 2020, ग्रीष्मकालीन अवकाश लोकसभा निर्वाचन 2024, सामाजिक आर्थिक जनगणना 2023 में संलग्न शिक्षकों को मिलेगा अतिरिक्त अर्जित अवकाश का लाभ इस संबंध में शिक्षक संघर्ष मोर्चा जिला जांजगीर चांपा के पहल पर आदेश जारी हुआ है। शिक्षक संघर्ष मोर्चा द्वारा 4 अप्रैल एवं 15 अप्रैल को जिला शिक्षा अधिकारी जांजगीर चांपा अश्वनी भारद्वाज को ज्ञापन सौंप कर कोविड ड्यूटी 2020, ग्रीष्मकालीन अवकाश लोकसभा निर्वाचन 2024, सामाजिक आर्थिक जनगणना 2023 में संलग्न शिक्षकों को अतिरिक्त अर्जित अवकाश का लाभ देने सभी वेतन आहरण अधिकारियों को निर्देश जारी करने का मांग किया था। मोर्चा द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में ग्रीष्मकालीन अवकाश में शिक्षकों द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए मांग किया गया जिसमें आर.पी. मण्डल मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन के अर्द्धशासकीय पत्र क्र. ~ 243/CS/2020 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक~29 अप्रैल 2020 को जारी आदेश के तहत कोरोना वायरस महामारी से बचाव हेतु वापस आने वाले श्रमिकों एवं परिवार के सदस्यों को क्वारेन्टाईन में रखने हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर गांव से दूर उपयुक्त भवन जैसे स्कूल भवन, सामुदायिक भवन, आश्रम-छात्रावास इत्यादि में क्वारेन्टाईन सेंटर बनाया गया था, क्वारेन्टाईन सेंटर में तथा बैरियर सहित अन्य स्थानों पर शिक्षकों का ग्रीष्मकालीन अवकाश में ड्यूटी लगाया गया था,इसी आधार पर कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग द्वारा दिनांक 4 अप्रैल 2025 ग्रीष्मकालीन अवकाश 2024 में लोकसभा निर्वाचन के कारण मुख्यालय नहीं छोड़ने के बदले जिले के सभी शिक्षकों को नियमानुसार अर्जित अवकाश सेवापुस्तिका में जोड़े जाने हेतु आदेश जारी किया गया है।

## गांव में घूम रहा जिला बदर आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, ( एजेंसी )।** जिले की थाना राजादेवरी पुलिस ने समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर जिला बदर के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में आम जनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा अपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा काल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से अपराधिक कृत्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 13 मई को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना राजादेवरी की पुलिस टीम द्वारा जिलाबदर आरोपी चिंताराम पटेल को हिरासत में लिया गया है। पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा पर जिला दंडाधिकारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा धारा 3,5(ख) 2023 छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत आरोपी चिंताराम को जिलाबदर किया गया है। उक्त आदेश के तहत आरोपी को जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के साथ सीमावर्ती जिले बिलासपुर, रायपुर, महासमुंद, मुंगेली, जांजगीर, सक्ति, बेमेतरा, सारंगढ़-बिलाईगढ़ आदि जिले की सीमाओं से बाहर चले जाने का आदेश दिया गया है तथा आदेश में अनावेदक को न्यायालय की अनुमति के बिना जिले की सीमाओं में प्रवेश नहीं करने संबंधी आदेश का भी उल्लेख है। कि आज दिनांक 13 मई को सूचना मिली कि जिलाबदर आरोपी चिंताराम ग्राम चांदन में घूम रहा है। सूचना पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना राजादेवरी पुलिस टीम द्वारा जिलाबदर आरोपी चिंताराम को मौके पर ही पकड़ कर हिरासत में लिया गया। पुलिस द्वारा जिलाबदर के आदेश होने के उपरांत भी ग्राम चांदन में घूमने संबंधी पूछताछ पर आरोपी द्वारा स्वयं के जिलाबदर का आदेश होना जानते हुए भी चांदन में घूमना स्वीकार किया गया।

## समाधान शिविर में नागरिकों के समस्याओं का किया जा रहा समाधान

### सुशासन तिहार समाधान शिविर में पहुंचे सांसद एवं कलेक्टर

**जांजगीर-चांपा, 14 मई ( संवाद साधना )।** सुशासन तिहार अंतर्गत आमजनता को उनकी समस्या, शिकायत और मांग के निराकरण एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलाने के लिए आज जनपद पंचायत नवागढ़ के ग्राम पंचायत कुटरा के हाई स्कूल में और नगर पालिका परिषद चांपा के भालेराय ऑडिटोरियम एवं स्वामी आत्मानंद स्कूल चांपा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े सुशासन तिहार के तहत नगर पालिका चांपा के स्वामी आत्मानंद स्कूल में आयोजित समाधान शिविर में पहुंची। उन्होंने समाधान शिविर में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के प्रगति की जानकारी एवं प्राथमिकता के साथ सभी आवेदनों का निराकण करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए। जनपद पंचायत नवागढ़ के ग्राम पंचायत कुटरा में आयोजित समाधान शिविर का कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने निरीक्षण किया। कलेक्टर ने शिविर में लगाये गये विभागीय स्टालों का अवलोकन कर आवेदनों के निराकरण की प्रगति की जानकारी तथा सभी प्राप्त आवेदनों का शत प्रतिशत निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व विभाग से संबंधित प्राप्त आवेदनों, मुआवजा प्रकरण एवं लंबित प्रकरणों की जानकारी ली एवं सभी आवेदनों का प्राथमिकता के साथ समय सीमा में निराकण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएचई विभाग अंतर्गत ग्राम पंचायतों में नल जल योजना के तहत नल कनेक्शन, कृषि विभाग अंतर्गत किसानों का पंजीयन करने, पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने के निर्देश दिए। शिविर में नागरिकों को सुशासन तिहार के अंतर्गत पहले चरण के दौरान प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। शिविर में हितग्राहियों को किसान क्रेडिट कार्ड एवं अन्य हितग्राही मूलक समाग्री का वितरण किया एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अन्नप्राशन संस्कार, गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा उपस्थित नागरिकों को संबंधित विभाग के योजनाओं का प्रचार प्रसार कर जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, कृषि विभाग, राजस्व, मछली पालन, महिला एवं बाल विकास विभाग पशुधन विकास, लोक निर्माण, विद्युत विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग, शिक्षा विभाग, जिला सहकारी, श्रम विभाग, आयुर्वेद विभाग, खाद्य विभाग सहित अन्य विभागों को प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, एसडीएम जांजगीर सुब्रत प्रधान, जनपद पंचायत नवागढ़ सीईओ अनिल कुमार सहित जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



## जांजगीर-चांपा 60 पाव देशी प्लेन शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा, 14 मई ( संवाद साधना )।** ग्राम तरौद मैं अवैध शराब विक्रय करने वाले आरोपी जय नंदन सिहानी को 60 पाव देशी शराब के साथ अकलतरा पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया।

घटना के संबंध में यह जानकारी मिली कि मुखबिर के द्वारा पुलिस को सूचित किया गया कि ग्राम तरौद में जयनंदन सिहानी के द्वारा अवैध देसी शराब का विक्रय किया जा रहा है। मूखबीर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए अकलतरा पुलिस के द्वारा दबिश देकर ग्राम तरौद में जयनदंन सिहानी के कब्जे में 60 पाव देशी प्लेन शराब कीमती 7200/ रूपये एवं शराब बिक्री रकम 2400/ रूपये को बरामद कर आरोपी के विरुद्ध विधिवत धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

कार्यवाही में निरीक्षक मणीकांत पाण्डेय, सउनि अशोक कश्यप, प्रआर राकेश चतुर्थी, आरक्षक शेषनारायण साहू, अजय भानू, म.आर. अंजना लकडा का योगदान रहा।



## रेलवे स्टेशन स्तिथ अवैध बस्ती से लगभग 400 अवैध कनेक्शन काटे गया

**भिलाई,14 मई ( एजेंसी )।** भिलाई इस्पात सयंत्र, नगर सेवाएं, इनफोर्समेंट विभाग तथा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग द्वारा सम्पदा न्यायालय के आदेश पर दिनांक 10 मई पर पुलिस बल की उपस्थिति में रेलवे स्टेशन स्तिथ अवैध बस्ती से करीब 400 अवैध कनेक्शन तीन मैन लाइन से काटा/निकाला गया।

अवैध बिजली कनेक्शन हटाने के दौरान अवैध बस्ती वालो द्वारा इक्ठा होकर विवाद की स्तिथि निर्मित की,रोड जाम करने की कोशिश की गयी द्यकोतवाली पुलिस के टीआई प्रशांत मिश्रा द्वारा मोर्चा संभाला गया, करीब 400 अवैध कटिये/कनेक्शन काटे गए तथा दो हजार मीटर तार जप्त किया गया द्य अवैध कब्जेधारिओ द्वारा बहुत ही खतरनाक तरीके से सप्लाई लिया गया था, जिस से कभी भी उनहोनी हो सकता था, साथ ही अवैध कनेक्शन केबल को रोड क्रॉस कर के ले जाया गया था, गिरने पर राहगीर की भी मौत या अनहोनी हो सकती थी द्य माफिआयों द्वारा भी कई लोगो को अवैध कनेक्शन दे कर वसूली की जाती है। लीन अवैध कब्जेधारिओ के विरुद्ध विद्युत् चोरी करने हेतु वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

की कार्यवाही में प्रवर्तन विभाग, टाउन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट,पीएचडी विभाग,कोतवाली पुलिस थाना महिला पुलिस बल सहित, प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड महिला गार्ड सहित करीब 80, कर्मियों अधिकारियो की टीम उपेस्थित थी।

## न्यूज ब्रेक

### एक्टिवा की डिक्की से नकदी सहित आईफोन पार

**रायपुर, 14 मई (एजेंसी)।** ओमाया गार्डन के पास खड़ी एक्टिवा की डिक्की से अज्ञात चोर ने एक आईफोन और नकदी 30 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी दामनी सिक्का 23 वर्ष देवेन्द्र नगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी एक्टिवा को आमाया गार्डन के पास पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने एक्टिवा की डिक्की से आइफोन और नकदी 30 हजार रुपए पार कर दिया।

### सूने मकान से नकदी सहित लाखों रुपए के जेवर पार

**रायपुर, 14 मई (एजेंसी)।** जीएडी कालोनी कचना स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 1 लाख 85 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिए। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी नरसिंह ठाकुर 41 वर्ष जीएडी कालोनी कचना का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर, लेपटाप और नकदी 1 लाख 85 हजार रुपए पार कर दिया।

## साइबर ठगी में शामिल दो आरोपी गिरफ्तार, देशभर में बदलते थे ठिकाने



**रायपुर, 14 मई (एजेंसी)।** रायपुर पुलिस ने ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी के लिए म्यूल बैंक खाते खोलने और ऑपरेट करने में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी राहुल यादव और काजल यादव देश के अलग-अलग शहरों में ठिकाना बदल-बदलकर साइबर ठगी की रकम का लेनदेन कर रहे थे। गिरफ्तार आरोपी राहुल यादव की फेसबुक पर काजल यादव से दोस्ती हुई थी। इसके बाद दोनों ने मिलकर म्यूल अकाउंट खोलने, उन्हें ऑपरेट करने और ठगी की रकम इधर-उधर करने का नेटवर्क खड़ा कर लिया।पुलिस के अनुसार, आरोपी चेन्नई, अहमदाबाद और महाराष्ट्र के जालना जैसे शहरों में लगातार ठिकाने बदलते रहे, ताकि पुलिस की पकड़ से बच सकें। रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा ने साइबर क्राइम पोर्टल में दर्ज म्यूल बैंक अकाउंट की गहन जांच के निर्देश दिए थे। उन्होंने खाता धारक, संवर्धक, एजेंट, बैंक कर्मी और सिम सप्लायर जैसे सभी संदिग्धों पर कार्यवाही के लिए रेंज साइबर थाना रायपुर को विशेष निर्देश दिए। थाना कोतवाली रायपुर में अपराध क्रमांक 45/25 धारा 317(2), 317(4), 317(5), 111, 3(5) बी एन एस के तहत मामला दर्ज था। पूछताछ और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर दोनों आरोपियों की भूमिका सामने आई। आरोपियों द्वारा ठगी की बड़ी राशि प्राप्त करने और उसे विभिन्न खातों में ट्रांसफर करने की पुष्टि हुई है।

## मौसम की आंखमिचौली जारी: तेज धूप के बाद राजधानी में बारिश




**रायपुर, 14 मई (एजेंसी)।** मई के महीने में जहां सूर्य की तपिश से जीना मुहाल हो जाता है, ऐसे में अगर बारिश हो जाए तो क्या कहने। छत्तीसगढ़ में कुछ ऐसा ही हो रहा है।

मई के महीने में मौसम का मिजाज ऊपर नीचे हो रहा है। एक ओर झुलसा देने वाली गर्मी, तो दूसरी और तेज हवा और बारिश, ऐसा हो गया है मौसम। कुछ दिनों की तेज गर्मी के बाद मंगलवार दोपहर राजधानी में तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश ने लोगों को तेज गर्मी से राहत दी है।

## ऑपरेशन सिंदूर पर डिप्टी सीएम अरुण साव का बयान, देशभर में निकाली जा रही तिरंगा यात्रा

**रायपुर, 14 मई (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर को लेकर देशभर में राष्ट्रभक्ति की लहर दौड़ गई है। इस बीच, छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम अरुण साव ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि, ऑपरेशन सिंदूर ने पूरी दुनिया को यह संदेश दिया है कि भारत अपने सम्मान और सुरक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। अरुण साव ने कहा, इस ऑपरेशन के जरिए यह दिखाया गया कि सिंदूर हमारे देश में क्या महत्व रखता है। भारतीय सेना ने आतंकियों को करारा जवाब देते हुए न सिर्फ उन्हें सबक सिखाया, बल्कि पाकिस्तान को भी वैश्विक मंच पर बेनकाब कर दिया। यह भारत की बड़ी कूटनीतिक और सैन्य जीत है। डिप्टी सीएम ने बताया कि सेना के समर्थन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर आभार व्यक्त करने के लिए देशभर में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं। इन यात्राओं में समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े लोग–सामाजिक, धार्मिक और व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि–बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। गौरतलब है कि भारतीय सेना ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में मौजूद आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक कर उन्हें तबाह कर दिया था। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी ने 13 मई से 23 मई तक देशभर के हर जिले में तिरंगा यात्रा निकालने का निर्णय लिया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और सांसद संबित पात्रा ने जानकारी दी कि इस तिरंगा यात्रा का नेतृत्व पार्टी के वरिष्ठ नेता करेंगे और इसमें विभिन्न सामाजिक संगठनों की भी भागीदारी रहेगी। यह यात्रा सेना के शौर्य, देश की अखंडता और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लिए गए निर्णायक कदमों के समर्थन में आयोजित की जा रही है।



## मुख्यमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री ने नवा रायपुर में किया नारियल पौधे का रोपण

**रायपुर, 14 मई (एजेंसी)।** पर्यावरण संरक्षण और हरित छत्तीसगढ़ की दिशा में एक सकारात्मक पहल करते हुए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नवा रायपुर स्थित सेंट्रल पार्क में नारियल का पौधा रोपित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने नारियल के पौधों का रोपण कर हरियाली बढ़ाने के संकल्प को और मजबूत किया। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस अवसर पर कहा कि वृक्ष जीवन का आधार हैं। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक पौधे लगाएं और पर्यावरण संरक्षण को जनांदोलन का रूप दें। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि राज्य सरकार छत्तीसगढ़ में हरित आवरण को बढ़ाने हेतु संकल्पित है और वृक्षारोपण को एक जन-भागीदारी अभियान के रूप में



आगे बढ़ा रही है। इस अवसर पर कृषि उत्पादन आयुक्त मती शहला निगार, कृषि संचालक राहुल देव, उद्यानिकी संचालक एस. जगदीशन सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा,यातायात जागरूकता पाठशाला का किया शुभारंभ

**धमतरी, रायपुर, 14 मई (एजेंसी)।** पुलिस अधीक्षक धमतरी सूरज सिंह परिहार के निदेर्शानुसार ,उप पुलिस अधीक्षक यातायात सुमोनिका मरावी के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी खेमराज साहू के नेतृत्व में यातायात स्टॉफ द्वारा सड़क सुरक्षा को बढावा देने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के साथ आमजनों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए आज दिनांक 12.05.25 को सडक सुरक्षा पाठशाला का शुभारंभ किया गया जिसके तहत रत्नाबांधा दुर्ग मार्ग में चालानी कार्यवाही के साथ-साथ सड़क सुरक्षा पाठशाला का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य आमजनों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना तथा सुरक्षित यातायात को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को न केवल जुमार्ना लगाया गया। बल्कि उन्हे सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाते हुए जागरूकता कार्यक्रम में भी लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। पाठशाला में मुख्य रूप से हेलमेट पहनने की अनिवार्यता, सीट बेल्ट का उपयोग,मोबाइल फोन के उपयोग से बचाव, गति सीमा का पालन, नशे में वाहन न चलाने, एवं मालवाहन वाहनों में यात्रा नही करने जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। इसी क्रम में ग्राम गट्टासिल्ली में आयोजित सुशासन तिहार के समाधान शिविर में यातायात का स्टॉल लगाकर शिविर में आने वाले लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए बताया गया कि कम खर्च के चक्कर में मालवाहक वाहन से यात्रा न करे, मालवाहक वाहन से यात्रा करने के दौरान कभी-कभी गंभीर दुर्घटना घटित हो जाती है जिससे जान माल का अधिक नुकसान होता है, ऐसे नुकसान से बचने के लिए यात्री परिवहन वाहन से ही यात्रा करे, शराब सेवन कर वाहन न चलाये, सड़क सुरक्षा उपकारणों का उपयोग करने बताकर यातायत जागरूकता पम्पलेट विवतरण किया गया। यातायात पुलिस धमतरी का उद्देश्य केवल चालान करना नही है, बल्कि लोगों को यह समझाना है कि इन नियमों का पालन उनके अपने जीवन की रक्षा के लिए कितना महत्वपूर्ण है।




## संपादकीय

# पटाखों के पूर्ण-प्रतिबंध पर केंद्र मुस्तैद हो

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली एनसीआर में पटाखों पर सख्ती से प्रतिबंध लगाने को कहा है वरना अवमानना की कार्रवाई होगी। अदालत ने उप्र, राजस्थान और हरियाणा सरकार से पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत निर्देश जारी करने को कहा है, जिसमें पटाखों का निर्माण, बिक्री, भंडारण और ऑनलाइन उपलब्धता पर पूर्ण प्रतिबंध लगे। कोर्ट ने ईपीए की धारा 5 के तहत जारी निर्देशों को राज्यों के सभी कानून प्रवर्तन तंत्रों के माध्यम से सख्ती से लागू करने की बात की। पटाखों को पूर्णतया प्रतिबंधित करने के बावजूद विभिन्न त्योहारों और हर्षोल्लास वाले मौकों पर आतिशबाजी रोकने में सरकार बुरी तरह असफल नजर आ रही है।

वायु, जल, कचरा, उद्योग से पहले ही प्रदूषण बहुत है, जिसमें मिल कर पटाखा प्रदूषण मानव जीवन के लिए खतरा बढ़ाने वाला साबित होता है। पटाखा उत्पादन में भारत चीन के बाद दुनिया में दूसरे स्थान पर है, जिसमें सबसे ज्यादा पटाखे (तकरीबन 85त्न) तमिलनाडु के शिवकाशी में बनते हैं। वहां पांच सौ से अधिक इकाइयों में छोटे-बड़े पटाखों का निर्माण होता है। शीर्ष अदालत पहले भी दिल्ली एनसीआर ही नहीं, बल्कि पूरे देश में पटाखों पर रोक लगाने की बात कह चुकी है।

बावजूद पटाखों की बिक्री साल-दर-साल बढ़ती जा रही है। अंदाजे के अनुसार, गये साल पटाखों की खुदरा बिक्री छह हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गई थी। उप्र, बिहार और गुजरात में इनकी जबरदस्त मांग है। पटाखे जलाने और इनसे पर्यावरण को नुकसान को लेकर जनजागरूकता जरूरी है। हालांकि इसमें प्रसिद्ध शख्सियतों समेत राजनीतिक हस्तियों और बड़े दलों को आगे आना होगा और उनके यहां होने वाले उत्सवों/हर्षोन्माद के दौरान पटाखों को सख्ती से प्रतिबंधित करना होगा।

पटाखा उद्योग ने बेशक, लाखों लोगों को रोजगार दिया है, मगर उसे सीमित किए बगैर आतिशबाजी की बिक्री थामना दुष्कर होगा। प्रदूषण के चलते होने वाले घातक रोगों की रोकथाम के लिए आवश्यक है कि कुछ कड़े कदम फौरन उठाए जाएं। अदालत की बार-बार घुड़की के बावजूद सरकारों और प्रशासन के कानों में जूं रेंगती नहीं नजर आ रही, बल्कि जब भी पटाखों के खिलाफ अभियान चलाया जाता है, या कोई शख्सियत आवाज उठाती है, तो जनता उल्टा उस पर कटाक्ष करने और ट्रोलिंग करने पर उतारू हो जाती है। युवाओं और किशोरों के बीच पटाखों के दुष्परिणामों पर खुल कर चर्चा हो और राज्य सरकारों पर पटाखों के पूर्ण-प्रतिबंध पर केंद्र मुस्तैद हो।

# पाकिस्तानियों का सरकार और सेना पर से भरोसा टूटा

**वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान में लोगों का सरकार और सेना पर भरोसा टूटा। उसकी सैन्य कार्रवाईयों के किसी भी दावे पर लोगों को भरोसा नहीं हो रहा है। सूत्रों ने पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ से पूछा कि उनके पास क्या सबूत है कि उनकी सेना ने भारत के लड़ाकू विमान को मार गिराया है तो उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया देखिए। पाकिस्तान के एक सांसद ने इसे लेकर अपने रक्षा मंत्री का मजाक उड़ाया। इससे पहले दो मौकों पर 2016 और 2019 में भारतीय सेना की कार्रवाई पर भारत में सवाल उठे थे और सबूत मांगे गए थे। इस बार भारत में पूरा देश एकजुट है, जबकि पाकिस्तान में उसकी सेना की कार्रवाई के सबूत मांगे जा रहे हैं।**



**हरिशंकर व्यास**

पाकिस्तान में कैसे लोगों का मनोबल गिरा हुआ है इसकी एक मिसाल पाकिस्तानी संसद में देखने को मिली, जब भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद संसद में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की पार्टी पीएमएलएन के एक सांसद फूट फूटकर रोने लगे। पाकिस्तानी सांसद ताहिर इकबाल ने रोते हुए संसद में कहा, 'या खुदा आज बचा लो। दुआ करते हैं कि अल्लाह हमारे मुल्क की हिफाजत करे और हमें आपस में जोड़कर रखे'। हालांकि उन्होंने भी धर्म के आधार पर ही देश को बचाने की अपील की और कहा कि अल्लाह ने यह मुल्क अता किया है। इसके बावजूद लोगों में जोश नहीं लौट रहा है। एक पूर्व पाकिस्तानी सांसद का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है, जिसमें वे कह रहे हैं कि मोदी कोई उनकी खाला का लड़का है, जो उनके कहने पर युद्ध रोका देगा। इसके आगे वे कहते हैं कि युद्ध होगा तो देश छोड़ कर विदेश भाग जाएंगे। जाहिर है पाकिस्तान के लोगों को अपनी सरकार और सेना पर भरोसा नहीं है कि वह उनकी रक्षा कर पाएगी।बहरहाल, पाकिस्तान के सांसद के रोने के वीडियो वायरल होने के बाद देखने को मिला कि पाकिस्तान के न्यूज चैनल अपने नेताओं और नागरिकों का भरोसा बढ़ा रहे हैं। वे नेताओं से कह रहे हैं कि वे रो कर अपनी कमजोरी नहीं जाहिर करें। लेकिन पाकिस्तान का रोना पीटना बंद नहीं हो रहा है। इस बीच पाकिस्तान के इकोनॉमिक अफेयर डिवीजन के एक्स हैंडल से दुनिया के देशों से कर्ज मांगने की पोस्ट वायरल हो गई।

पाकिस्तान की आर्थिक हालत का हवाला देकर कर्ज मांगा जा रहा था। पोस्ट वायरल होने के बाद पाकिस्तान की ओर से कहा गया है कि उसका हैंडल हैक हो गया है और पोस्ट फर्जी है। लेकिन पाकिस्तान के ही लोग मान रहे हैं कि यह पोस्ट सही हो सकती है क्योंकि देश कंगाली की हालत में है। गौरतलब है कि पाकिस्तान के पास 15 अरब डॉलर की विदेशी मुद्रा, जबकि उसको एक साल में 30 अरब डॉलर का कर्ज चुकाना है।

बहरहाल, छह और सात मई की दरम्यानी रात को भारत की ओर से किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पाकिस्तान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लगाई गई पाबंदी हटा दी है। कोई 15 महीने पहले पाकिस्तान ने एक्स पर पाबंदी लगाई थी। उसका कहना है कि सोशल मीडिया में पाकिस्तान विरोधी नैरेटिव चल रहा है, जिसका उसको जवाब देना है।

उसने पांच सौ अकाउंट बंद भी किए हैं। अब यह पता लगाया जा रहा है कि ये हैंडल संचालित कर रहे लोग पाकिस्तान के ही हैं या बाहर से कहीं से इन्हें संचालित किया जा रहा है। असल में पाकिस्तान का सोशल मीडिया भारत की सैन्य कार्रवाई और बलोच विद्रोही सेना द्वारा पाकिस्तानी फौज पर किए जा रहे हमले से भरा है। इतना ही नहीं ऐसा लग रहा है कि पाकिस्तान का शासन अपने लोगों को भारत के खिलाफ भड़काने में लगा है। पाकिस्तानी लोगों के मन में भारत विरोधी भावना भरी जा रही है। पाकिस्तान के स्वास्थ्य मंत्री मुस्तफा कमाल ने भारतीय दवाओं पर निर्भरता को देश के लिए खतरा बताया है। उन्होंने दवा कंपनियों से इस निर्भरता को कम करने के लिए कहा है।

मुस्तफा ने भारत को गैर भरोसमंद दुश्मन बताते हुए कहा कि भारतीय दवाओं को कम से कम इस्तेमाल किया जाए। पाकिस्तान की असली चिंता यह है कि उसे इस्लामिक मुल्कों से भी समर्थन नहीं मिल रहा है। उसके खिलाफ कार्रवाई शुरू हुई तो ईरान के विदेश मंत्री भारत में थे और उसके बाद सऊदी अरब का प्रतिनिधिमंडल भारत आया।

# पहले तो यमुना को नदी बनाएं

**वीरेन्द्र कुमार पैन्यूली**

इस वर्ष हुआ दिल्ली विधानसभा चुनाव बहुत कुछ यमुना नदी जल के पीने, उसमें डुबकी लगाने और हरियाणा से मिलते प्रदूषित पानी के मुद्दों पर भी केंद्रित था। हो भी क्यों न। दिल्ली अपनी एक तिहाई पेयजल आपूर्ति के लिए यमुना पर निर्भर करती है। प्राथमिक रूप से जल की मात्रा और गुणवत्ता वही होती है, जो हरियाणा से मिलता है। उपभोक्ताओं को कितना पानी दिया जा सकेगा यह भी उसी पर निर्भर करता है।

कम पानी आ रहा हो तो वजीराबाद जलाशय का जल स्तर गिर जाएगा। सामान्य दिनों में वजीराबाद से पानी निकलने के बाद यमुना में केवल कीचड़ और मलबा रह जाता है। हरियाणा में घरेलू और औद्योगिक अपशिष्ट यमुना में मिलता ही है। सालों से भारी मात्रा में अमोनिया प्रदूषण लिए पानी दिल्ली पहुंचता रहा है। कई बार यह दिल्ली के जलशोधन संयंत्रों की क्षमता से सात-आठ गुणा ज्यादा तक होता है। अमोनिया का स्वीकार्य स्तर केवल 05 पीपीएम है। ऐसे में यमुना में अमोनिया का स्तर नीचे गिरने का इंतजार भी करना पड़ता है किंतु दिल्ली के भीतर हरियाणा से पहुंचे यमुना नदी जल में प्रदूषण भार साठ-सत्तर प्रतिशत बढ़ जाता है। यमुना में उठते गैस के गुब्बारों में भी यमुना का प्रदूषण और उसका दम तोड़ना नंगी आंखों दिख जाता है। ऐसा अमोनिया और फास्फेट के कारण सड़े हुए पेड़-पौधों की सड़न के कारण होता है।

जैवीय मल-मूत्र का प्रदूषण दिल्ली में यमुना में काफी ज्यादा है। कॉलिफॉर्म बहुत ज्यादा होने से यमुना में घुली ऑक्सीजन का स्तर गिरा रहता है। नदी जल में ऑक्सीजन की कमी से जलचरों की मौत का आंकड़ा भी बढ़ जाता है। यमुनोत्री से दिल्ली तक की यात्रा में जगह-जगह यमुना जल में सीवर जल, गंदे नालों का मिलना आज भी जारी है। रास्ते में मिलते घरेलू और औद्योगिक अपशिष्ट की भरमार से भूरी-पीली-धूसर-काली होती यमुना में दिल्ली में भारी मात्रा में अनुपचारित और आंशिक उपचारित सीवर जल पहुंचता है। अगस्त, 2024 को डीजेबी ने एनजीटी को दिए शपथपत्र में बताया था कि दिल्ली में चालीस एसटीपी हैं, जिनमें से सारे काम नहीं कर रहे हैं। यमुनोत्री से दिल्ली की राह में यमुना के पानी का डायवर्जन पहली बार उत्तराखंड में ही डाकपत्थर में बिजली उत्पादन के लिए किया जाता है। फिर हरियाणा में हथिनीकुंड और ताजेवाला-यमुनानगर में नहरों के लिए होता है। सूखे के मौसम में बैराज से पानी नहीं छोड़ा जाता है जिससे ताजेवाला और दिल्ली के बीच के कुछ-कुछ हिस्सों में नदी लगभग जलशून्य हो जाती है। जल संसाधन मंत्रालय संबंधी संसदीय स्थाई समिति की रिपोर्ट के अनुसार नदी जल में घुले आक्सीजन की मात्रा की अत्यंत कमी के कारण दिल्ली में यमुना अस्तित्वविहीन सी हो चुकी है। सुझाव दिया गया कि यमुना में ताजा पानी और उसके पानी में घुले ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाने के लिए काम होने चाहिए। वजीराबाद के परिप्रेक्ष्य में संसदीय समिति का मूल्यांकन था कि वजीराबाद के नीचे यमुना में ताजे पानी की इतनी कमी है कि मानकों के अनुसार सारा सीवेज यदि उपचारित भी होने लगे तब भी यमुना प्रदूषित ही रहेगी। दिल्लीवासियों को जल आपूर्ति एक तरह से यमुना को निचोड़ कर ही हो रही है। हर साल यमुना में कई-कई दिनों तक पानी नहीं केवल कीचड़ ही कीचड़ दिखता है। करीब नौ माह तो यमुना में इतना पानी भी नहीं रहता कि वह ठीक से बह सके। एलगी का भी जमाव होता रहता है। एलगी भी नदी की ऑक्सीजन को कम करती हैं खासकर जब वो सड़ती हैं, उनमें विघटन होता है। वे जल में स्वास्थ्य के लिए घातक प्रदूषण भी पैदा कर सकती हैं। बिना पानी, बिना प्रवाह यमुना को दिल्ली में नदी भी कैसे कहा जाए। सुप्रीम कोर्ट भी कुछ साल पहले यमुना को नाला की संज्ञा दे चुका है। आठ नौ माह तो दिल्ली के भीतर यमुना में ताजा पानी बढ़ाने की संभावनाएं नगण्य ही रहती हैं किंतु सालों साल गाद, मलबा से अटी-पटी होने के कारण जल संग्रहित करने की गहराई कम होने से यमुना को बरसात का भी फायदा नहीं मिलता। तेज बरसात में जल्दी से बाढ़ का उभार होने लगता है। अतः यमुना में ज्यादा पानी नहीं रुक पाता। कूड़ा निकासी हो तो दिल्ली में उसके जलसमेट क्षेत्र से मिलने वाले ज्यादा से ज्यादा बरसाती जल संग्रहण में भी मदद मिलेगी। दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश वर्मा का कहना है कि नई सरकार बनने के दस दिनों में ही यमुना से 13 हजार टन गाद की निकासी हो गई थी। गाद हटाने के काम में यमुना स्वच्छता मिशन बहुत पिछड़ा हुआ था। इसलिए दिल्ली के उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने नई राज्य सरकार के गठन से पहले ही अधिकारियों को निर्देश देकर भारी मशीनों से यमुना गाद सफाई का काम प्रारंभ कर दिया था किंतु पूरी निकासी में महीनों लग सकते हैं। किंतु आशा की जानी चाहिए कि आने वाली बरसात में इसका फायदा मिलने लगेगा। यमुना के फ्लड प्लेन में अतिक्रमण के कारण बाढ़ के फैलाव का फायदा भी नहीं मिलता। पांच किमी. यदि फ्लड प्लेन की चौड़ाई हो तो उसमें भी एक किमी. दूरी तक भी पानी नहीं पसर पाता। फ्लड प्लेन खाली रहे तो जलविहीन यमुना और जैवविविधता को कुछ सहारा मिल सकता है। दिल्ली में वजीराबाद से पल्ला तक का यमुना का फ्लड प्लेन बाइस किमी. का है। इसका क्षेत्र 9,700 हेक्टेयर का है। इसमें से 7,362 हेक्टेयर पर लगभग 75 प्रतिशत पर अतिक्रमण है। जुलाई, 2024 में दिल्ली हाई कोर्ट ने भी डीडीए को फ्लड प्लेन के अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए थे। आदर्श रूप में एक नदी में उसके सालाना प्रवाह की जल मात्रा का कम से कम आधा पानी हर बना रहना चाहिए। इसलिए आवश्यक है कि दिल्ली के लिए हरियाणा से ज्यादा पानी छोड़ा जाए और उसको निकालने का लालच न हो। अतिरिक्त पानी हरियाणा से आ भी जाए और तुरंत उसे निकाल कर उपभोक्ता को दे दिया जाए तो यमुना के हिस्से क्या रहेगा। दिल्ली सरकार के पहले बजट में यमुना सफाई के उद्देश्य से चालीस नये सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स लगाने और पुरानों को ठीक करने के लिए 500 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है किंतु बजट में यमुना नदी में दिल्ली में ताजे जल को बढ़ाने के कार्यक्रमों पर खर्च्र पर भी जोर दिए जाने की जरूरत है क्योंकि पहले तो यमुना को नदी बनाएं। नदी साफ करने का तो दावा बाद में होगा। यमुना में पानी बना रहे तो उसके प्रदूषण को हल्का करने में आसानी होगी।

## राशिफल

**मेष** – आप जिम्मेदारियों को बखूबी निभाने में सफल होंगे, घर के लिए कुछ नए सामान की खरीदारी करेंगे। आज अपनी योग्यता और सामर्थ्य को पहचाने तथा समय का उचित सदुपयोग करेंगे। लेंगे।

**वृषभ** – परिवार वालों का सहयोग प्राप्त होगा। आपके मित्र मददगार साबित होंगे। ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी। आपकी कार्यक्षमता में बढ़ोतरी होगी सचेत रहने से समस्याओं को जल्दी सुलझा लेंगे।

**मिथुन** – आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। हर काम को सोच-विचार कर करना आपको सफलता देगा। किसी मित्र की मदद से उलझे कार्य सुलझ जाएंगे। मानसिक रूप से बहुत अधिक सुकून महसूस करेंगे।

**कर्क** – जीवनसाथी की सलाह व सहयोग आपके लिए लाभदायक रहेंगे। काम का बोझ अधिक हो सकता है, लेकिन आप किसी काम के लिए जितना ज्यादा प्रयास करेंगे, काम उतना ही बेहतर तरीके से होगा।

**सिंह** – आप आसपास के लोगों के सहयोग से घरेलू कार्य पूरा करने में सफल होंगे। आपको माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। कुछ लोग आपको भ्रमित करने की कोशिश भी करेंगे।

**कन्या** – आपको आर्थिक लाभ के अच्छे अवसर मिलेंगे। आपको यात्रा से लाभ होगा। किसी मुश्किल मुकाम को मेहनत और परिश्रम से हासिल कर लेंगे, सिर्फ हर किसी पर भरोसा ना करें और अपने काम से ही मतलब रखें।

**तुला** – आपके परिवार के लिए नई खुशियां लाया है। आपका दिन परिवार वालों के साथ बीतेगा। आज आपकी मेहनत व प्रयास के सार्थक परिणाम सामने आएंगे। कुछ खास लोगों से मेलजोल होगा ।

**वृश्चिक** – आपका काम करने का जुनून आपको निश्चित ही उपलब्धि हासिल करवाएगा, लेकिन बड़ा सौदा करने से पहले उसकी पूरी जांच पड़ताल अवश्य करें। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे।

**धनु** – कार्यस्थल पर काम रोज की तुलना में बेहतर तरीके से होगा। जीवनसाथी आपकी बहुत तारीफ करेंगे। आज किसी खास निर्णय को लेकर माता-पिता से विचार-विमर्श करेंगे।

**मकर** – आपकी इच्छाओं की पूर्ति होगी। किसी भी कार्य को लेकर सतर्कता रखने से आप कई परेशानियों से बच सकते हैं। आप अपनी मेहनत और योग्यता से निश्चित ही सफलता हासिल करेंगे।

**कुंभ** – ऑफिस के सहकर्मी आपके कामों में सहयोग करेंगे, आपका काम जल्दी पूरा हो जाएगा। महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय अपने बजट का भी ध्यान रखें, क्योंकि खर्चों की स्थिति बढ़ती नजर आ रही है।

**मीन** – पारिवारिक कामों को करने में घर के सदस्यों का सहयोग मिलेगा। किसी अनजान से निजी समस्याओं को शेयर करने से बचना चाहिए। जीवन स्तर को और अधिक बेहतर बनाने के लिए परिवार जनों के साथ विचार करेंगे । नए व्यवसाय में पैसा लगाने के बारे में सोच सकते हैं।

## शब्द सामर्थ्य - 047


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 046 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | ■ | सि | वा | य | ■ | कि |
| लि | ■ | चा | ह | त | ■ | म | म | ता |
| क | सू | र | ■ | म | ग | न | ■ | ब |
| ■ | र | ■ | ■ | ■ | द | ■ | ■ | ■ |
| क | मा | न | ■ | पा | र | स | ■ | स |
| मी | ■ | म | जा | ल | ■ | न | क | ली |
| ना | दा | न | ■ | ना | र | द | ■ | का |
| ■ | मि | ■ | ■ | ■ | तौं | ■ | ■ | ■ |
| सु | नी | ल | ■ | अ | धी | र | ■ | जी |

## सू- दोकू क्र.047

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बना है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.046 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# आपका फोन बन चुका है अब वर्कस्टेशन, क्या 2025 फ्लैगशिप किलर रियलमी जीटी7 सीरीज बैटरी डिमांड को कर पाएगी पूरा?

**नई दिल्ली, 14 मई ( एजेंसी )।** स्मार्टफोन आने के बाद से ही ये डिवाइस हमारी जिंदगी का एक जरूरी हिस्सा बना गया है। जहां पहले फोन का इस्तेमाल कॉल और मैसेज के लिए होता था, अब यह यूजर के लिए पर्सनल सिनेमा, एक मोबाइल गेमिंग कंसोल और इनसे बढ़कर एक प्रोडक्टिविटी हब में बदल गया है। स्मार्टफोन की स्क्रीन अब बड़ी होने के साथ ही ब्राइटर और स्मूदर हो गई हैं, जिससे हम हाई-डेफिनेशन में कंटेंट को स्ट्रीम कर पा रहे हैं, ग्राफिक्स-हेवी गेम्स खेल पा रहे हैं और अलग-अलग ऐप्स पर मल्टीटास्किंग परफॉर्म कर पा रहे हैं। डिस्प्ले एक्सपीरियंस तो समय के साथ बेहतर हुआ लेकिन बैटरी लाइफ को लेकर बड़ा बदलाव नहीं रहा। हमारा फोन का इस्तेमाल जितना बढ़ता जा रहा है, उतनी ही तेजी से हमारे फोन की बैटरी खत्म होती जाती है। अपकमिंग 2025 फ्लैगशिप किलर रियलमी जीटी7 सीरीज के साथ रियलमी फोन के रफ-टफ और ज्यादा इस्तेमाल होने के बाद भी बेहतर परफॉर्मेंस को लेकर स्मार्टफोन की बैटरी जारी रहने के नियमों को फिर से लिख रहा है। कंपनी के इस फ्लैगशिप फोन में 7000 एमएएच की बड़ी बैटरी है, जिसे 120 वॉट अल्ट्राडार्ट चार्जर के साथ पेयर किया गया है। यह फोन ऐसी जनरेशन को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जो अपना अधिक से अधिक समय स्क्रीन पर बिताती है। यह फोन लंबे समय तक बिना किसी रुकावट के चलते रहने को लेकर खास है। जीटी7 को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि आप घंटों डिस्प्ले-हेवी यूज के बाद भी अपने फोन में लगभग आधी बैटरी को बचा पाएंगे। आजकल के स्मार्टफोन केवल कॉल्स और ब्राउजिंग भर के लिए नहीं हैं, ये डिवाइस अब आपका एंटरटेनमेंट हब और पावर टूल है। लेकिन यह पावर भी एक कीमत के साथ आती है। हाई-रिफ्रेश रेट ओएलईडी, रियल टाइम 5जी और परफॉर्मेंस हंग्री ऐप्स लगातार बैटरी का इस्तेमाल करती हैं और हर किसी के लिए दिनभर में एक बार फोन चार्ज करना रूटीन का हिस्सा बन गया है। जीटी7 नैरेटिव को बदल देता है। फोन की रियल-वर्ल्ड टेस्टिंग दिखाती है कि फोन के पूरे दिन लगातार इस्तेमाल के बाद भी इसमें 50 प्रतिशत तक बैटरी बच जाती है। आप फोन पर कुछ तरह विश्वास कर सकते हैं कि चार्जिंग आपके लिए डेली चेकपॉइंट के बजाय एक बैकग्राउंड टास्क बन जाएगा। जीटी7 में इंडस्ट्री-फर्स्ट इनोवेशन पेश किए गए हैं, जो पावर मैनेजमेंट को फिर से परिभाषित करता है। एक स्मार्ट सिस्टम जो हर प्रतिशत के साथ आपके फोन का बेहतर इस्तेमाल करना सिखाता है। यह एक ऐसे कूलिंग मैकेनिज्म के साथ आता है जो 5जी गेमिंग सेशन के बाद भी फोन की परफॉर्मेंस को बनाए रखता है। यह एक ऐसा फोन है, जो वर्षों तक चार्जिंग के बाद भी बैटरी को लेकर बढ़िया काम करता है। आपके लिए इसका क्या मतलब है? स्क्रीन टाइम को लेकर परेशान होने की जरूरत नहीं है, नो मिड-डे पैनिक। बस बिना किसी रुकावट के साथ कंटेंट देखें और गेम प्ले करें। चाहे आप किसी कैंपेन में व्यस्त हों या किसी सीरीज का लगातार 5वा एपिसोड स्ट्रीम कर रहे हों, रियलमी जीटी7 का एंड्योरेंस-फर्स्ट डिजाइन सुनिश्चित करता है कि आपका स्मार्टफोन बिना चार्जर के भी चलता रहे। रियलमी जीटी7 सीरीज का 7000एमएएच बैटरी और 120 वॉट अल्टीमेट एंड्योरेंस कॉम्बो गेम-चेंजर है। यह यूजर को फोन पर अधिक से अधिक टास्क करने की सुविधा देता है। यानी, आप ज्यादा एक्सपीरियंस लें, ज्यादा एंटरटेनमेंट का मजा लें, आपको बैटरी के लिए परेशान होने की जरूरत नहीं होगी। फिर चाहे आप गेमर हों, बिंज-वॉचर हों या फिर मल्टीटास्कर हों, जीटी7 सीरीज सुनिश्चित करती है कि आपका स्मार्टफ़ोन हमेशा आपके साथ चलने के लिए तैयार रहे। स्मार्टफोन भविष्य की एक झलक है जहां बैटरी की चिंता अतीत की बात हो गई है। जैसे-जैसे स्मार्टफोन हमारे जीवन में एक केंद्रीय भूमिका निभाते रहेंगे, वैसे-वैसे विश्वसनीय, लंबे समय तक चलने वाली पावर की जरूरत बढ़ती ही जाएगी। अपनी इंडस्ट्री-लीडिंग बैटरी टेक्नोलॉजी के साथ रियलमी न केवल इस मांग को पूरा कर रहा है, बल्कि यह पूरे उद्योग के लिए मानक स्थापित कर रहा है स्क्रीन के इर्द-गिर्द बनी दुनिया में रियलमी जीटी7 उन लोगों के लिए बनाया गया है जो देखना, खेलना, स्क्रॉल करना कभी बंद नहीं करते। क्योंकि असली शक्ति केवल स्पीड के बारे में नहीं है, यह पूरे दिन और पूरी तरह से आपके साथ रहने के बारे में है।



## भारतीय शेयर बाजार लाल निशान में खुला, आईटी शेयरों में बिकवाली

**मुंबई, 14 मई ( एजेंसी )।** भारतीय शेयर बाजार मंगलवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में खुला। शुरुआती कारोबार में आईटी शेयरों में बिकवाली देखने को मिल रही है। सुबह 9ः40 पर सेंसेक्स 605.74 अंक या 0.73 प्रतिशत गिरकर 81,824.15 और निफ्टी 140.55 अंक या 0.58 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 24,777 पर था। आईटी शेयरों में दबाव के साथ कारोबार हो रहा था। निफ्टी आईटी इंडेक्स में 1.14 प्रतिशत की गिरावट थी। इन्फोसिस 2 प्रतिशत, एचसीएल टेक 1.63 प्रतिशत, विप्रो और टीसीएस में 1.3 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार हो रहा था। इससे अतिरिक्त एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी, प्राइवेट बैंक, इन्फ्रा और सर्विसेज इंडेक्स लाल निशान में थे। वहीं, मीडिया, एनर्जी, फार्मा और पीएसयू बैंक इंडेक्स हरे निशान में थे। चॉइस ब्रोकिंग के डेरिवेटिव एनालिस्ट, हार्दिक मटालिया ने कहा, नकारात्मक शुरुआत के बाद निफ्टी के 24,800 पर सपोर्ट मिल सकता है।

## शेयर मार्किट में पैसे लगाने वाले निवेशक कुछ इस तरह बने करोड़पति!

### जब हकीकत पता लगी तो हो गया नुकसान

**नई दिल्ली, 14 मई ( एजेंसी )।** ऑनलाइन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म 'ग्रो' ने सोमवार को जानकारी दी कि ऐप के कुछ यूजर्स को स्टॉक की कीमतों में विसंगतियों का सामना करना पड़ा। यह एक अस्थायी समस्या थी और बाद में इसे ठीक कर दिया गया। इससे पहले तकनीकी गड़बड़ी के कारण ग्रो यूजर्स के निवेश मूल्यों को लेकर गलत जानकारी देखी गई। कुछ यूजर्स ने बताया कि उनके 1,000 रुपए के निवेश को ऐप पर गलत तरीके से 1,00,000 रुपए के निवेश के रूप में देखा जा रहा था। इससे कुछ यूजर्स को भ्रम की स्थिति का सामना करना पड़ा। तकनीकी गड़बड़ी के कारण कुछ यूजर्स के मुनाफे में 10,000 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि देखी गई, जिससे कुछ अस्थायी रूप से करोड़पति बन गए, जबकि कुछ का निवेश मूल्य असल से बेहद कम हो गया। 'ग्रो' ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया, हमारे कुछ यूजर्स को उनके स्टॉक प्राइस को लेकर विसंगतियों का सामना करना पड़ा। यह एक अस्थायी समस्या थी और अब इसका समाधान हो गया है। 'ग्रो' की ओर से आगे कहा गया कि जिन यूजर्स के जीटीटी (गुड टिल ट्रिगर) इस वजह से ट्रिगर हुए हैं, उनसे ग्रो सहायता टीम संपर्क कर रही है और समाधान की पेशकश कर रही है। ऑनलाइन ट्रेडिंग पोर्टल ने कहा, अगर आपको भी इस समस्या का सामना करना पड़ा है, तो हमें डायरेक्ट मैसेज करें। यह समस्या तब सामने आई जब कई यूजर्स ने विसंगतियों की रिपोर्ट करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। यूजर्स ने पोस्ट किया, मेरे खाते पर मेरे कुछ जीटीटी ऑर्डर आपके 'ग्रो' मूल्य विसंगति या 'ग्रो' मूल्य निर्धारण के साथ समस्याओं के कारण बेचे गए थे। मेरे पास आपके पिछले और वर्तमान मूल्य निर्धारण की स्थिति का स्क्रीनशॉट है। कृपया उचित कार्रवाई करें और मामले को हल करें। दूसरे यूजर ने पोस्ट किया, अगर हमारे नुकसान की भरपाई नहीं की गई तो हम ग्रो को छोड़ देंगे और दूसरे ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म पर चले जाएंगे। गलत मूल्य प्रदर्शन के कारण बड़े व्यवधान हुए, कुछ यूजर्स ने गलत डेटा के आधार पर ट्रेडिंग निर्णय लिए। यह स्थिति उन लोगों के लिए निराशा और वित्तीय नुकसान का कारण बनी, जिन्होंने भ्रामक जानकारी पर काम किया।

## एक्सिस बैंक और लक्ष्य शूटिंग क्लब मिलकर नवी मुंबई में बनाएंगे धांसू शूटिंग सेंटर

**नागपुर, 14 मई ( एजेंसी )।** देश के बड़े प्राइवेट बैंकों में से एक एक्सिस बैंक अब खेलों को बढ़ावा देने के लिए आगे आया है। उन्होंने लक्ष्य शूटिंग क्लब के साथ मिलकर नवी मुंबई में एक शानदार शूटिंग सेंटर बनाने का फैसला किया है। इस सेंटर का नाम होगा 'एक्सिस बैंक लक्ष्य शूटिंग क्लब हाई परफॉर्मेंस सेंटर' (एचपीसी)। समझौते पर एक्सिस बैंक के बड़े अधिकारी विजय मुलबागल और लक्ष्य शूटिंग क्लब की चेयरमैन, सुश्री सुमा शिरूर ने साइन किए। सुमा शिरूर खुद एक ओलंपियन और अर्जुन पुरस्कार विजेता हैं और उन्होंने भारतीय निशानेबाजी टीम को पेरिस ओलंपिक 2024 में मेडल जीतने के लिए ट्रेनिंग भी दी है। यह खास शूटिंग सेंटर उन नए खिलाड़ियों के लिए बहुत काम का होगा जो शूटिंग में अपना नाम करना चाहते हैं। यहां उन्हें वर्ल्ड क्लास की सुविधाएं मिलेंगी, बढ़िया ट्रेनिंग प्रोग्राम मिलेंगे और साथ ही कई तरह की एक्टिविटीज भी होंगी जिनसे वे जुड़ सकेंगे। इस सेंटर का मकसद ओलंपिक लेवल के टॉप शूटर्स तैयार करना है और एक ऐसा प्लेटफॉर्म बनाना है जहां हर किसी को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिले। एक्सिस बैंक और लक्ष्य शूटिंग क्लब मिलकर चाहते हैं कि भारत निशानेबाजी के खेल में दुनिया में टॉप पर आए। इस सेंटर में क्या-क्या होगा? यहां एयर राइफल, एयर पिस्टल और 50 मीटर राइफल के लिए दो एकदम नए शूटिंग रेंज होंगे। इसके अलावा एक ऐसा सेंटर भी होगा जहां खिलाड़ियों की परफॉर्मेंस का एनालिसिस किया जाएगा, उन्हें चोटों से बचाया जाएगा और रिकवरी में मदद मिलेगी। खिलाड़ियों के दिमाग और भावनाओं को मजबूत करने के लिए एक स्पोर्ट्स साइकोलॉजी यूनिट भी होगी। इतना ही नहीं, दूर से आने वाले खिलाड़ियों और कोच के रहने के लिए कमरे और ट्रेनिंग की दूसरी सुविधाएं भी होंगी। उम्मीद है कि इस सेंटर में हर साल 400 से ज्यादा खिलाड़ी आएंगे, जिनमें रहने वाले और बाहर से आने वाले दोनों शामिल होंगे। सबसे अच्छी बात यह है कि यह सेंटर हर तरह के खिलाड़ियों के लिए आसान होगा, यहां तक कि पैरा-एथलीट्स (दिव्यांग खिलाड़ी) भी आसानी से आ-जा सकेंगे। जो खिलाड़ी पैरालिंपिक और डेफलिंपिक में भारत का नाम रोशन कर चुके हैं, उन्हें भी यहां सपोर्ट मिलेगा। एक्सिस बैंक के विजय मुलबागल ने कहा कि उन्हें खुशी है कि वे भारतीय खेलों को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे रहे हैं। उनका मानना है कि यह सेंटर भारत के टॉप शूटर्स को ओलंपिक में जीतने में मदद करेगा और देश में नए शूटर्स को ढूंढकर उन्हें आगे बढ़ाएगा। सुमा शिरूर ने कहा कि एक्सिस बैंक के साथ यह साझेदारी उनके सपने को सच करने के करीब ले जाती है। वे एक ऐसा सेंटर बनाना चाहती थीं जहां खिलाड़ियों को सही सपोर्ट मिले और हर युवा शूटर को यह लगे कि उनके पास सफल होने का पूरा मौका है।






# 3 खिलाड़ी जो इंग्लैंड दौरे पर ले सकते हैं विराट कोहली की जगह

## एक ने आईपीएल 2025 में मचाया गदर

**नई दिल्ली,14 मई ( एजेंसी )।** भारत के दाएं हाथ के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने से भारतीय टीम में एक बड़ा खालीपन आ गया है. आने वाले महत्वपूर्ण इंग्लैंड दौरे के साथ, टीम इंडिया को बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा. सभी की निगाहें टेस्ट टीम में कोहली की जगह लेने वाले खिलाड़ी पर होंगी.

विदेशी दौरे के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज विराट कोहली का टेस्ट से संन्यास लेना भारत के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण समय पर आया है. पिछले सप्ताह रोहित शर्मा के खेल के सबसे लंबे फॉर्मेट से संन्यास लेने के बाद टीम पहले से ही नए कप्तान की तलाश कर रही थी, और अब चयनकर्ताओं को ऐसे खिलाड़ियों को खोजना होगा जो टीम में कोहली की जगह ले सकें. पूर्व भारतीय कप्तान किंग कोहली 2013 से हर इंग्लैंड दौरे पर गए हैं, लेकिन इस बार वे नहीं होंगे, और उनके अनुभव की कमी निश्चित रूप से भारतीय टीम को खलेगी. चयनकर्ताओं के लिए टीम में उनके रिप्लेसमेंट को ढूंढना एक बड़ी चुनौती होगी. इसी कड़ी में, हम आपको इस स्टोरी के जरिए 3 ऐसे खिलाड़ियों के बारे में बताने वाले हैं, जो भारत की टेस्ट टीम में उनकी जगह ले सकते हैं. दाएं हाथ के अनुभवी बल्लेबाज करुण नायर पिछले एक साल से खेल के सभी प्रारूपों में शानदार फॉर्म में हैं.

उन्होंने पिछले रणजी सीजन में 16 पारियों में 53.93 की औसत से 863 रन बनाए और अंतिम चैंपियन विदर्भ के लिए 4 शतक और 2 अर्द्धशतक भी लगाए. नायर ने विदर्भ के लिए मिडिल ऑर्डर में बल्लेबाजी की और टेस्ट क्रिकेट में उनका तिहरा शतक भी लगभग 9 साल पहले इंग्लैंड के खिलाफ आया था. विराट कोहली के टेस्ट से संन्यास लेने के बाद नायर भारत की टेस्ट टीम में वापसी करने के लिए सबसे संभावित उम्मीदवार हैं. घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के बाद चयनकर्ताओं द्वारा उनका चयन किए जाने की पूरी संभावना है.

बाएं हाथ के युवा बल्लेबाज साई सुदर्शन की कॉम्पैक्ट तकनीक ने उन्हें अगले महीने इंग्लैंड जाने वाले फेवरेट खिलाड़ियों में से एक बना दिया है. वे अपनी शानदार बल्लेबाजी से आईपीएल 2025 में धमाल मचा रहे हैं और उन्हें काउंटी क्रिकेट में सरे के लिए खेलने का अनुभव भी है. पिछले रणजी ट्रॉफी सीजन में उन्होंने केवल 4 पारियों में 304 रन बनाए थे, जिसमें एक दोहरा शतक भी शामिल है. सुदर्शन की टेस्ट टीम में जगह बनाने की काफी ज्यादा संभावना दिख रही है और अगर उन्हें मौका मिलता है तो उन्हें मिडिल ऑर्डर में बल्लेबाजी करनी पड़ सकती है.

भारत के दाएं हाथ के स्टार बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने वनडे और आईपीएल में जिस तरह से शानदार प्रदर्शन किया है, उसके बाद टेस्ट टीम में उनकी वापसी की पूरी संभावना है. घरेलू क्रिकेट में उन्होंने जिस तरह की ट्रॉफियां जीती हैं, उसे देखते हुए वह अगले कप्तान बनने की रेस में भी शामिल हैं. उन्होंने आईपीएल 2025 में भी पंजाब किंग्स का अच्छा नेतृत्व किया और विराट कोहली के टेस्ट रिटायरमेंट के बाद नेशनल टेस्ट टीम में वापसी के लिए एक अच्छे दावेदार हैं. अय्यर ने अब तक 14 टेस्ट खेले हैं और 36.86 की औसत से 811 रन बनाए हैं, जिसमें उनके नाम 1 शतक और 5 अर्द्धशतक दर्ज हैं.



## आईपीएल की नई तारीखों का ऐलान, 6 वेन्यू पर खेले जाएंगे सभी मैच, 3 जून को होगा फाइनल

**नई दिल्ली,14 मई ( एजेंसी )।** इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सीजन के नए शेड्यूल का ऐलान बीसीसीआई द्वारा कर दिया गया है. आईपीएल 2025 की शुरुआत अब 17 मई से होने वाली है. इस टूर्नामेंट का फाइनल मैच अब 3 जून को खेला जाएगा. आईपीएल के सभी बाकी बचे हुए 17 मैच कुल 6 वेन्यू पर खेले जाएंगे. आईपीएल ने अपने आधिकारी एक्स अकाउंट पर पोस्ट कर आईपीएल के दोबारा शुरू होने की जानकारी दी है. बीसीसीआई ने इस संबध में जारी प्रेस विज्ञप्ति में लिखा, भारत में क्रिकेट के लिए नियंत्रण बोर्ड बीसीसीआई टाटा आईपीएल 2025 को फिर से शुरू करने की घोषणा करते हुए प्रसन्न है. सरकार और सुरक्षा एजेंसियों के साथ व्यापक परामर्श के बाद और सभी प्रमुख हितधारकों के साथ बोर्ड ने शेष सत्र के साथ आगे बढ़ने का फैसला किया है. टूर्नामेंट 17 मई 2025 से शुरू होने वाला है. 6 स्थानों पर कुल 17 मैच खेले जाएंगे और 3 जून 2025 को फाइनल में समापन किया जाएगा. नए शेड्यूल में दो डबल-हेडर शामिल हैं जो दो रविवारों को खेले जाएंगे. इसके साथ ही प्लेऑफ और क्वालीफायर्स का भी समय और तारीख बदले गए हैं लेकिन प्लेऑफ के वेन्यू की घोषणा बाद में करने के बारे में कहा गया है. इसके साथ ही बीसीसीआई इस अवसर को एक बार फिर से भारत के सशस्त्र बलों की बहादुरी और लचीलापन को सलाम करने का अवसर लेता है जिनके प्रयासों ने क्रिकेट की सुरक्षित वापसी को सक्षम किया है.



## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सचिन तेंदुलकर का बड़ा बयान

### पीएम मोदी और तीनों सेना को किया सलाम

**नई दिल्ली,14 मई ( एजेंसी )।** दुनिया के महान क्रिकेटरों में से एक सचिन तेंदुलकर ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारत के रक्षा बलों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की. पूर्व दिग्गज बल्लेबाज ने पीएम मोदी, तीनों सेना और भारत की मजबूत आतंकवाद विरोधी नीति के साथ-साथ 1.4 बिलियन से अधिक देशवासियों की एकजुटता को लेकर दिल छू लेने वाली बात कही. सचिन तेंदुलकर ने सोशल मीडिया के जरिए भारत के रक्षा बलों के साथ-साथ पीएम मोदी की आतंकवाद के खिलाफ जारी ऑपरेशन सिंदूर के लिए तारीफ की. उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, ऑपरेशन सिंदूर में 1.4 बिलियन से अधिक लोगों की टीम एकजुट होकर खड़ी हुई थी. दृढ़ संकल्प और संयम, टीम इंडिया! माननीय पीएम नरेंद्र मोदी जी और उनकी टीम और तीनों रक्षा बलों के अथक प्रयासों के नेतृत्व में सभी स्तरों पर उल्लेखनीय टीमवर्क. सीमावर्ती कस्बों और गांवों में रहने वाले बहादुर रक्षकों और हमारे नागरिकों का विशेष उल्लेख. जय हिंद! सचिन के इस पोस्ट से पहले पाकिस्तान को आतंकवाद का जीता जागता उदाहरण बताते हुए पीएम मोदी ने सोमवार को देश की सख्त आतंकवाद विरोधी नीति को दोहराया, जो परमाणु ब्लैकमेल के बावजूद मजबूत जवाब देने के लिए प्रतिबद्ध है. राष्ट्र के नाम एक विशेष वीडियो संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा, आतंक और बातचीत, आतंक और व्यापार तथा पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते. पाकिस्तान के साथ बातचीत केवल आतंकवाद पर ही होगी.पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि दुनिया ने देखा कैसे पाकिस्तान के ड्रोन और मिसाइल भारत के सामने तिनके की तरह बिखर गए. भारत के सशक्त एयर डिफेंस सिस्टम ने उन्हें आसमान में ही नष्ट कर दिया. पाकिस्तान की तैयारी सीमा पर वार की थी, लेकिन भारत ने पाकिस्तान के सीने पर वार कर दिया.प्रधानमंत्री मोदी ने कहा जिस तरह से पाकिस्तान की सेना और वहां की सरकार आतंकवाद को पनपने में मदद कर रही है, उससे एक दिन पाकिस्तान खत्म हो जाएगा. अगर पाकिस्तान को बचना है तो उसे आतंकी ढांचे को खत्म करना होगा.बता दें कि, इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन और शतक बनाने के साथ-साथ कई बड़े रिकॉर्ड्स अपने नाम करने वाले सचिन तेंदुलकर ने इससे पहले ऑपरेशन सिंदूर के पीछे के प्रयासों की सराहना की थी.

## न्यूज ब्रेक

### परीक्षा में सफलता पाने कलेक्टर ने दिए आवश्यक टिप्स

**सुकमा, 14 मई ( एजेंसी )।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के द्वारा शनिवार को सक्षम कोचिंग सुकमा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओ से उनकी आवश्यकता के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही उन्होंने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया। कलेक्टर ध्रुव से परीक्षार्थियों ने पुस्तक और एटलस तथा सॉल्व्ड पेपर की मांग की जिसे स्थानीय स्तर पर तत्काल प्रदान किया गया। इस अवसर पर छात्रों को संयुक्त कलेक्टर डॉ. सूरज कश्यप के द्वारा प्रतियोगी परीक्षा में सफल होने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

### पिकअप और बोरवेल ट्रक में भिड़ंत, चालक की मौत

**भानुप्रतापपुर ,14 मई ( एजेंसी )।** कांकेर जिले के प्रवेश द्वार कहे जाने वाले ग्राम कच्चे में मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। भानुप्रतापपुर से रायपुर जा रही पिकअप वाहन और सामने से आ रही बोरवेल ट्रक की जोरदार टक्कर में पिकअप चालक की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह टक्कर कच्चे पुलिस चौकी से करीब 100 मीटर आगे हुई। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप वाहन के परखच्चे उड़ गए। हादसे के तुरंत बाद बोरवेल ट्रक का चालक मौके से फरार हो गया। घटना के चलते सड़क पर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को वाहन से बाहर निकाला और भानुप्रतापपुर अस्पताल भेजा। साथ ही, काफी मशक्कत के बाद यातायात को सामान्य किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और फरार ट्रक चालक की तलाश जारी है।

### प्रशासनिक पहल से निमलगुड़ा में शांति व्यवस्था बहाल

**सुकमा, 14 मई ( एजेंसी )।** विगत दिनों क्रिस्टाराम थानांतर्गत ग्राम निमलगुड़ा में पंचायत की बैठक के दौरान धार्मिक विषयों को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हुई थी जिसमें सुचना प्राप्त होने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए कलेक्टर देवेश ध्रुव और पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण के निर्देश में तत्काल एसडीएम कोंटा शबाब खान और एसडीओपी मरईगुड़ा शिखर मरावी मौके पर निमलगुड़ा पहुंचे। ग्राम निमलगुड़ा मे पहुंचकर उन्होंने गांव में पंच, सरपंच व जनप्रतिनिधियों के साथ सभी पक्ष व सामाजिक जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में ग्रामवासियों के साथ बैठक आयोजित कर गांव में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु बातचीत की। बैठक में दोनों ही पक्षों के विषयो को सुनने के उपरांत बैठक मे सर्वसम्मति से ग्राम में शांति व सौहार्द स्थापना व आपस में मिलजुल कर रहने व सामाजिक परंपराओं का सम्मान करने हेतु सहमति बनी। पीड़ितों की शिकायत पर थाना क्रिस्टाराम में तत्काल प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। उपरोक्त प्रकरण में थाना क्रिस्टाराम द्वारा प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर ध्रुव ने कहा कि वर्तमान में निमलगुड़ा पंचायत में विवाद की कोई स्थिति नहीं है। प्रशासन के द्वारा ग्रामीणों के साथ मिलकर मामले का निपटारा किया जा चुका है। समस्त ग्रामवासी आपसी प्रेम और भाईचारा के साथ मिल जुलकर रहते हैं। कुछ बाहरी लोगों के द्वारा जानबूझकर इस मामले को भ्रामक तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है। उन्होंने जिले की जनता से अपील करते हुए कहा कि किसी भी तरह की अफवाहों पर विश्वास न करें और शासन-प्रशासन पर भरोसा बनाए रखें।

# प्रधानमंत्री आवास योजना : राज्यस्तरीय कार्यक्रम में 51,000 हितग्राहियों का गृह प्रवेश

## सुकमा जिले के 811 पीएम आवास हितग्राहियों का होगा गृह प्रवेश



**सुकमा, 14 मई ( एजेंसी )।** मंत्री, ग्रामीण विकास, भारत सरकार शिवराज सिंह चौहान के द्वारा 13 मई को अंबिकापुर में प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY-G) अंतर्गत राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशन तथा उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन विजय शर्मा के मार्गदर्शन में उपरोक्त कार्यक्रम में प्रदेश स्तर पर 51,000 हितग्राहियों के लिए गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम मे प्रदेश को अतिरिक्त 3 लाख पीएम आवास का लक्ष्य दिया जाना संभावित है। 13 मई को 51,000 हितग्राहियों का राज्य स्तर पर गृह प्रवेश समारोह का आयोजन सरगुजा जिला मुख्यालय अंबिकापुर में किया जायेगा। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और जिला सीईओ श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में सुकमा जिले के 811 पीएम आवास हितग्राही कार्यक्रम के माध्यम से अपने पीएम आवास में गृह प्रवेश करेंगे। वर्तमान सत्र में छत्तीसगढ़ में 71,000 पीएम आवास पूर्ण हो चुके हैं। लक्ष्य के विरुद्ध आवास पूरा करने के मामले में सुकमा जिला बस्तर संभाग में प्रतिशत के आधार पर द्वितीय स्थान पर है। प्रथम स्थान पर बस्तर जिला है। पीएम आवास के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में सुकमा जिले की 19429 आवास निर्माण का लक्ष्य प्राप्त हुआ था। इनमें से 13218 आवास की स्वीकृति प्रदान की गई है। 11349 हितग्राहियों को प्रथम किस्त 5235 हितग्राहियों को द्वितीय किस्त एवं 1789 हितग्राहियों को तृतीय किस्त की राशि जारी किया गया है। जिसमे से आज पर्यंत तक 2060 आवास को पूर्ण किया जा चुका है ।

## खेती की उन्नत विधि से जुड़कर मिर्च उत्पादन से किसान कमा रहे अच्छा मुनाफा

**जशपुरनगर,14 मई ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार किसानों को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए जिले के विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इसी कड़ी में शासकीय उद्यान रोपणी टेम्पू से राज्य पोषित, रा.बा.मिशन योजना अंतर्गत नाशपती, लीची एवं मिर्च क्षेत्र विस्तार योजना से मनोरा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत करडीह निवासी श्री प्रसन्न एक्का को लाभान्वित किया गया है। प्रसन्न एक्का के द्वारा राज्य पोषित योजनान्तर्गत सामुदायिक फेसिंग 0.215 में लिया गया एवं रा0बा0मिशन अन्तर्गत नाशपाती और लीची की खेती की गई साथ ही अच्छी क्वालिटी के मिर्च बीज व्हीएनआर 305 का भी खेती किया गया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 में बिना फेसिंग के फसल की सुरक्षा नहीं कर पा रहा था, उद्यानिकी विभाग से परामर्श बाद इन्टरकॉप में मिर्च का हाइब्रिड किस्म लगाया, जिसमें प्रति एकड़ 15 क्विं. उत्पादन हुआ जिसमें 1 एक लाख 35 हजार रुपए का ब्रिकी किया गया उन्होंने बताया कि उन्हें खर्च काटकर साल में एक लाख रुपए का शुद्ध लाभ हुआ किसान ने बताया कि अन्य योजनाओं ड्रीप, मिल्चिंग को लेकर अब खेती की उन्नत विधि से जुड़ कर और अधिक लाभ कमाने के लिए निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। क्षेत्र के किसान मिर्च की खेती करके अच्छा लाभ उठा रहे हैं।

## नक्सल पीड़ित परिवारों को मिला पीएम आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र



**सुकमा, 14 मई ( एजेंसी )।** सुशासन तिहार संवाद से समाधान तक के तहत शनिवार को ग्राम पंचायत छिंदगढ़ में आयोजित समाधान शिविर में कांजीपानी, बकुलाघाट, रोकेल, पतिनाईकरास, उरमापाल, केरातोंग पंचायत के ग्रामीण उपस्थित हुए। शिविर में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्या सुश्री दीपिका सोरी, जिला पंचायत सदस्य हुंगा राम मरकाम, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती संजना नेगी एवं ग्राम पंचायत छिंदगढ़ सरपंच श्रीमती सुखमती पुजारी के माध्यम से नक्सल पीड़ित परिवारों को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरण कर प्रोत्साहित किया गया। इसके साथ ही पंचायत विभाग के द्वारा सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। शिविर स्थल में अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत सुकमा जिले में कुल 50,723 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें से 34,341 आवेदन पत्रों का निराकरण किया जा चुका है। शेष आवेदन पत्रों का निराकरण तेजी से किया जा रहा है।

# सालाना 5 लाख तक बुजुर्गों का इलाज़ होगा मुफ़्त

## चारू, नीलू, गंगी और जोगी को मिला वय वंदना आयुष्मान कार्ड,आयुष्मान कार्ड मिलने पर जताया मुख्यमंत्री का आभार

**सुकमा, 14 मई ( एजेंसी )।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में जिले में 70. उम्र के नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। आपके द्वार आयुष्मान अभियान के तहत आयुष्मान मित्रों के द्वारा दूरस्थ बसाहटों में जाकर ग्रामीणों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं ताकि उन्हें शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके। नगरपंचायत दोरनापाल में वार्डों में स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा घूम-घूमकर बुजुर्ग नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। इसके पश्चात तत्काल उन्हें ऑनलाइन डिजिटल आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया। शासन के इस योजना से दोरनापाल निवासी चारू बाला बोस उम्र 71 वर्ष, नीलू बाला शाह उम्र 80 वर्ष, माड़वी गंगी उम्र 82 वर्ष और जोगी राम यादव उम्र 84 वर्ष को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य-शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना का कार्ड प्रदान किया गया। हितग्राहियों ने कार्ड मिलने पर शासन-प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया। बुजुर्गों के लिए आयुष्मान वय वंदना योजना मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में अब 70 वर्ष से अधिक उम्र के हर बुजुर्ग को हॉस्पिटल में मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। ऐसे बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत वय वंदना कार्ड का लाभ दिया जाएगा। योजना के तहत सभी मौजूदा बीमारियों का इलाज पहले दिन से कवर किया जाएगा। वर्तमान में आयुष्मान योजना का दायरा बढ़ाते हुए 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों को इसमें शामिल किया गया है, भले ही उनकी आय कुछ भी हो। भारत सरकार द्वारा संचालित आयुष्मान भारत योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद नागरिकों को नि:शुल्क स्वास्थ्य बीमा सुविधा प्रदान करना है। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से लाभार्थी वर्ष में 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज देशभर के सूचीबद्ध अस्पतालों में प्राप्त कर सकते हैं। यह सुविधा विशेष रूप से बुजुर्गों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है, जो अक्सर महंगे इलाज के कारण कठिनाइयों का सामना करते हैं।

# 4 मार्शल आर्ट्स खिलाड़ियों ने सातवीं राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता हरिद्वार में जीते 8 मेडल

## 7वीं आई एस एफराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन उत्तराखंड के स्पोर्ट्स स्टेडियम हरिद्वार में 26 व 27 अप्रैल 2025 को किया गया था

**रामानुजगंज 14 मई ( एजेंसी )।** सभी विजेता खिलाड़ियों को शहर वापस लौटने पर बधाई देने के लिए रामानुजगंज के नवनिर्वाचित नगर पालिका परिषद अध्यक्ष माननीय रमन अग्रवाल जी ने एक सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमें खिलाड़ियों को मालार्पण कर मेडल, प्रमाणपत्र व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। और जैसा पूर्ण विश्वास जताई थी कि हमारे रामानुजगंज के खिलाड़ी हरिद्वार से अवश्य मेडल जीतकर आएंगे और अपने शहर के साथ छत्तीसगढ़ राज्य का भी नाम रोशन करेंगे उस पर खिलाड़ी खरे उतरे और मेडल जीतकर शहर वासियों का विश्वास जीत लिया। रामानुजगंज मार्शल आर्ट/ कराटे के मुख्य प्रशिक्षक शिहान तरुण शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन इंडियन स्पोर्ट्स फेडरेशन के तत्वावधान में किया गया था, जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के अलावा दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात, बंगाल, आसाम, बिहार, झारखंड,



उत्तराखंड आदि देश भर के 18 राज्यों एवं सिमा शस्त्र बल (एस एस बी) के जवानों समेत लगभग 500 से अधिक बालक, बालिका, महिला व पुरूष खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें हमारे बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के 4 खिलाड़ियों का भी चयन हुआ था जो कि छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व किया और खिलाड़ियों ने दो इवेंट्स कुमिते और काता में 8 मेडल जीतकर शहर के साथ अपने स्कूल, माता- पिता व राज्य का नाम उज्वल कर दिया। जिसमें 2 स्वर्ण पदक, 3 रजत पदक व 3 कांस्य पदक शामिल है। निम्न खिलाड़ियों ने पदक हासिल किया है :- कृष्ण कुमार विश्वकर्मा (वार्ड नं 10 रा.गंज) ने सीनियर वर्ग के अंडर 61 किलो भारवर्ग के कुमिते इवेंट में रजत पदक व काता इवेंट में स्वर्ण पदक। सोनी विश्वकर्मा (वार्ड नं 10 रा.गंज) ने सीनियर वर्ग के अंडर 45 किलो भारवर्ग के कुमिते इवेंट में कांस्य पदक व काता इवेंट में स्वर्ण पदक। महिमा सिंह (वार्ड नं 05 रा.गंज) ने सबजूनियर वर्ग के 10 व 11 वर्ष के कुमिते इवेंट में कांस्य पदक व काता इवेंट में रजत पदक। इसके साथ ही कलमू अंसारी (वार्ड नं 15 रा.गंज) ने सीनियर वर्ग के अंडर 50 किलो भारवर्ग के कुमिते इवेंट में कांस्य पदक व काता इवेंट में रजत पदक हासिल किया। बधाई व शुभकामनाएं देने के शुभ अवसर पर वार्ड नं 05 के पार्षद विजय रावत जी, अंकित गुप्ता जी,राजेंद्र गुप्ता जी, ललन पासवान जी, किरण पासवान जी, सुमिला कुशवाहा, गीता प्रजापति, पुष्पा कुशवाहा, अनिता पालव व काफी संख्या में खिलाड़ी व खिलाड़ियों के अभिभावकगण आदि उपस्थित रहे।

# लूट का फरार आरोपी 22 साल बाद जशपुर पुलिस के हत्थे चढ़ा

## *वर्ष 2002 में अपने साथियों के साथ देशी कट्टे से लूट की घटना को दिया था अंजाम*

**जशपुर, 14 मई ( एजेंसी )।** लूट का फरार आरोपी सुहेल उर्फ शोएब उर्फ गयासुद्दीन अंसारी पूरे 22 साल बाद जशपुर पुलिस के हत्थे चढ़ा है। वर्ष 2002 में अपने साथियों के साथ देशी कट्टे से लूट की घटना को अंजाम दिया था। इस मामले में आरोपी को न्यायालय से जमानत मिली हुई थी इसी दौरान आरोपी फरार हो गया था जिसकी पुलिस लगातार तलाश कर रही थी अंतत पूरे 22 साल के बाद जशपुर पुलिस ने आरोपी को झारखंड से हिरासत में लेकर जशपुर लाई। गौरतलब है , कि जशपुर पुलिस के द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह के नेतृत्व व दिशा निर्देश में ऑपरेशन अंकुश के तहत पुराने मामलों के फरार आरोपियों की धर पकड़ हेतु विशेष अभियान चलाया गया है, इसी अभियान के तहत जशपुर पुलिस के द्वारा थाना बगीचा क्षेत्रांतर्गत वर्ष 2002 में लूट के मामले का आरोपी सुहेल उर्फ शोएब उर्फ गयासुद्दीन अंसारी पिता कबीर शेख अंसारी उम्र 46 वर्ष, जो कि माननीय न्यायालय से जमानत मिलने के बाद से ही लगभग 22 वर्षों से फरार था, को गढ़वा (झारखंड) से हिरासत में लेकर वापस लाया गया है। वर्ष 2002 में ग्राम गुरुमहाकोना , थाना बगीचा ,निवासी, ने थाना बगीचा में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि वह दिनांक 17 नवंबर 2002 को अपनी कमांडर जीप क्रमांक छ्त्र 150263 से अपने पुत्र व गांव के ही रिश्तेदारों के साथ जशपुर से वापस अपने गांव लौट रहे थे इसी दौरान थाना बगीचा क्षेत्रांतर्गत एक वेदों नाला पुलिया के पास सड़क के बीच लकड़ी व पत्थर रखा हुआ देखने पर उनके द्वारा अपनी कमांडर जीप को रोक दिया गया ,तभी सड़क की तरफ से तीन लुटेरे आए, व देशी कट्टा की नोक पर उनसे मारपीट करते हुए,42 हजार रुपए लूट कर ले गए थे। रिपोर्ट पर थाना बगीचा में देसी कट्टे की नोक पर लूट व मारपीट के लिए भा. द. वि. के धारा 394, 397 व 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया था। विवेचना दौरान मामले में शामिल तीन आरोपियों क्रमश: अरुण नायडू, निवासी भागलपुर, जशपुर, नंदलाल, निवासी बाकी टोली, जशपुर व शोएब उर्फ सुहेल उर्फ गयासुद्दीन, (उस वक्त का पता गुडलु, बादूपारा, बगीचा) को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो नग देसी कट्टे, कारतूस, तथा लूट की रकम, को बरामद कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया था। उक्त मामले के आरोपी अरुण नायडू को सात वर्ष की सश्रम सजा सुनाई गई थी, तथा दूसरे आरोपी नंदलाल की मृत्यु हो गई है, व आरोपी सुहेल अंसारी वर्ष 2003 में माननीय न्यायालय से जमानत मिलने के बाद से फरार था। माननीय न्यायालय के द्वारा आरोपी सुहेल उर्फ शोएब उर्फ गयासुद्दीन अंसारी उम्र 46 वर्ष के विरुद्ध स्थाई वारंटी भी जारी किया गया है। चूंकि मामला का आरोपी सुहेल अंसारी उस वक्त घूम घूम कर झोला छाप डॉक्टर का काम करता था, व अपना ठिकाना बदलता रहता था जिसके कारण उसके स्थाई ठिकाने के संबंध में पतासाजी करने में पुलिस को समस्या आ रही थी, परंतु जशपुर पुलिस के अथक प्रयास से व ह्यूमन रिसोर्स के माध्यम से पुलिस को पता चला कि फरार स्थाई वारंटी सुहेल अंसारी, झारखंड राज्य के, जिला गढ़वा के ग्राम आदर में है, जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह के द्वारा तत्काल पुलिस टीम गठित कर, फरार आरोपी सुहेल ,की धर पकड़ हेतु, गढ़वा झारखंड रवाना किया गया। पुलिस जब आरोपी सुहेल अंसारी के ग्राम आदर थाना बरडीहा जिला गढ़वा झारखंड पहुंची तो पाया कि फरार आरोपी सुहेल अंसारी , गांव का एक प्रतिष्ठित व्यक्ति बन चुका है, उसकी पत्नी गांव की सरपंच है, जिस पर जशपुर पुलिस के द्वारा, थाना बरडीहा (झारखंड) पुलिस से सहयोग लेकर ,जब आरोपी सुहेल अंसारी को हिरासत में लेने के गई , तो आरोपी सुहेल अंसारी के द्वारा अपनी प्रतिष्ठा व पत्नी के सरपंच पद का धौंस दिखाते हुए, अपनी घर में घुसकर दरवाजा बंद कर, बाहर आने से मना करने लगा, परन्तु पुलिस के कठोर व सख्त रवैए के आगे वह टूट गया। द जशपुर पुलिस के द्वारा आरोपी सुहेल अंसारी को हिरासत में लेकर वापस लाया गया है।





## नवीन आपराधिक कानून के क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**सुकमा, 14 मई ( एजेंसी )।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आज एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन कलेक्ट्रेट कार्यालय के एनआईसी कक्ष में किया गया। जिला अभियोजन अधिकारी श्री प्रभु नारायण सिंह द्वारा इस कार्यशाला में कार्यपालिक दण्डाधिकारी, अनुविभागीय दण्डाधिकारी सहित संबंधित अधिकारियों को कानून की बारीकियों और उसके कार्यान्वयन की प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान तीन नवीन आपराधिक कानूनों के तहत कार्यपालिक दण्डाधिकारियों को प्रदत्त अधिकारों के विषय में जानकारी दी गई। साथ ही, बलात्कार जैसे गंभीर मामलों में चिकित्सा परीक्षण की प्रक्रिया, समय-सीमा (07 दिन के भीतर) में परीक्षण रिपोर्ट की उपलब्धता, और जांच अधिकारी को रिपोर्ट सौंपने की अनिवार्यता के प्रावधानों पर भी प्रकाश डाला गया। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 173 के अंतर्गत ऑनलाइन माध्यम से एफआईआर दर्ज करने की सुविधा की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त, 3 से 7 वर्ष तक की सजा वाले मामलों की जांच उप पुलिस अधीक्षक रैंक के अधिकारी द्वारा करने तथा 7 वर्ष से अधिक सजा वाले मामलों में एफएसएल टीम की उपस्थिति, घटना स्थल की वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला में अपर कलेक्टर विजय प्रताप खेस्स, डीएसपी सुश्री मोनिका श्याम और सुकमा, कोण्टा एवं छिन्दगढ़ के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), समस्त डिप्टी कलेक्टर एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए।

## न्यूज ब्रेक

### मकान रजिस्ट्री के नाम पर लाखों रूपए की धोखाधड़ी, जुर्म दर्ज

**रायपुर, 14 मई ( एजेंसी )।** मकान रजिस्ट्री कराने के नाम पर 95 लाख की फर्जी चेक देने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी प्रकाश चंद जायसवाल 59 वर्ष समता कालोनी आजाद चौक का रहने वाला है। प्रार्थी पेशे से बिल्डर है। बताया जाता है कि प्रार्थी ने आरोपी बंटी रस्तोगी एवं मोहनीस श्रीवास्तव को जमीन बेचा था। जिसकी रजिस्ट्री के समय आरोपियों ने प्रार्थी को 95 लाख का फर्जी चेक देकर धोखाधड़ी किया।

### अमानत में खयानत मामले में 8 वर्षों से फरार आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर, 14 मई ( एजेंसी )।** थाना खमतराई में अमानत में खयानत के एक मामले में पिछले 08 वर्षों से फरार चल रहे आरोपी सलीम खान को पुलिस ने बिलासपुर से गिरफ्तार है। मामले में दो अन्य लोगों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। बता दें कि प्रार्थी अजय कुमार दुबे पिता शिवराम दुबे उम्र-37 वर्ष निवासी वाल्टियर रेल्वे कासिंग मोवा थाना पण्डरी रायपुर के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि उनकी कर्पनी श्री नाकोडा इस्पात सिलतरा से ट्रक क्रमांक सी.जी. 12 एस.-2780 में 15.890 टन टी.एम.टी. सरिया लोड कराकर अमलीडीह भेजा था लेकिन उक्त ट्रक के चालक के द्वारा ट्रान्सपोर्ट नगर में ट्रक को लाकर दिनांक घटना समय 16.12.2017 के रात 04.30 बजे आरोपी वाहन के मालिक मोहम्मद अतीक ट्रक कमांक सी.जी.-12 एस. 2780 के चालक अरविन्द किस्पोट्टा दूसरे ट्रक कमांक सी.जी. 04 जेड.सी. 6104 के चालक सलीम खान ट्रक क्रमांक सी.जी. 04 जेड.सी. 6104 में टीएमटी सरिया एक बडुल पल्टी कर लिये है कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध 595/2017 धारा 407,511,34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान प्रकरण के आरोपी मोहम्मद अतिक एवं अरविंद किसपोट्टा को पूर्व में गिरफ्तार कर विवेचना पूर्ण होने पर दोनों आरोपियों के विरुद्ध सीजेएम न्यायालय में अभियोग पत्र पेश किया गया है। प्रकरण के अन्य आरोपी सलीम खान घटना दिनांक से फरार था जिसका लगातार पता तलाश की जा रही थी।

# एक वर्ष से अधिक के लंबित राजस्व प्रकरणों का 6 माह में सुनिश्चित करें निराकरण -कलेक्टर

## सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने पर जोर,कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने ली समय-सीमा बैठक

**महासमुंद, 14 मई ( संवादसाधना )।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने समय-सीमा की बैठक लेकर विभागीय कार्यों और शासकीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में सुशासन तिहार की प्रगति की समीक्षा की और विभिन्न योजनाओं पर कार्य की गुणवत्ता पर जोर दिया। बैठक जिला कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी जिला अधिकारी सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित समाधान शिविरों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। उन्होंने कहा कि 31 मई 2025 तक आयोजित सभी शिविरों में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के महासमुंद आगमन पर दिए गए निर्देशों के अनुरूप सभी अधिकारी सक्रियता से कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लेन-देन या भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने पर संबंधित को पद से हटाने की कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि शासन की कल्याणकारी योजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सर्वोपरि है। कलेक्टर लंगेह ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अतिक्रमण की शिकायतों पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि यदि अतिक्रमण पंजी में मामला दर्ज नहीं है, तो संबंधित पटवारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। राजस्व विभाग को निर्देश दिए गए कि फील्ड में कसावट और सक्रियता स्पष्ट दिखाई देनी चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि एक वर्ष से अधिक समय से लंबित सभी राजस्व प्रकरणों का अगले छह माह में अनिवार्य रूप से निराकरण किया जाए। संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि आगामी तीन महीनों में राजस्व विभाग स्वामित्व योजना के अंतर्गत नक्शा अपडेट करने और पट्टों का वितरण सुनिश्चित करे। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि स्वामित्व संबंधी विवादों का समाधान शीघ्रता से हो सकेगा।




**'मॉनिटरिंग में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं'**

कलेक्टर ने पीएम जनमन योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि इसके अंतर्गत सभी परिवारों का जाति प्रमाण, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित करें। चिन्हित कार्यों की जमीनी स्थिति स्पष्ट रूप से सामने आनी चाहिए। उन्होंने संबंधित विभाग को निर्देशित किया कि प्रत्येक कार्य की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट तैयार की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि योजना की मॉनिटरिंग में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी, फील्ड विजिट कर के वास्तविक स्थिति का मूल्यांकन किया जाए। उन्होंने पीएचई विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि जिले में पेयजल की कोई भी समस्या नहीं होनी चाहिए। आवश्यकतानुसार बोर खनन किया जाए। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए आवश्यक पूर्व तैयारियां सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने निर्माण एजेंसी को सभी कार्य प्रारंभ करने और प्रगतिरत कार्यों की निगरानी और समयसीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि खाद और बीज की खरीदी में पारदर्शिता सुनिश्चित करने, कालाबाजारी रोकने अब सभी सहकारी समितियों में पॉस मशीन के माध्यम से खरीदी की जाएगी। सभी समितियों को पहले से पर्याप्त स्टॉक बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। ताकि, किसानों को समय पर सामग्री मिल सके। शिक्षा विभाग को निर्देशित किया है कि परीक्षा परिणामों में सुधार के लिए कार्ययोजना तैयार करें और उसे प्रभावी रूप से लागू करें। छात्रों की प्रगति की निगरानी के लिए साप्ताहिक मूल्यांकन, शिक्षकों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम और अभिभावकों को छात्रों की प्रगति से अवगत कराने के लिए नियमित बैठक आयोजित की जाए। उन्होंने कहा कि पीएमश्री स्कूलों में अप्रारंभ कार्य प्रारंभ करें। कलेक्टर ने कहा कि संयुक्त टीम अवैध शराब बिक्री और अवैध उत्खनन पर कार्रवाई करें।

## समाधान शिविर में विधायक ने दिव्यांग को प्रदाय की मोटराइज्ड ट्राइसिकल



**महासमुंद, 14 मई ( संवादसाधना )।** ग्राम पंचायत पिरदा में आयोजित समाधान शिविर में 80 प्रतिशत अस्थि बाधित दिव्यांग संजीव कुमार सिदार को शासन की समाज कल्याण योजना के अंतर्गत मोटराइज्ड ट्रायसायकल प्रदान की गई। संजीव पूर्व में बढ़ई (कारपेंटर) का कार्य करता था, किंतु अपनी दिव्यांगता के कारण उसे आवागमन में सदैव दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता था। संजीव ने सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित सहायता शिविर में आवेदन किया और सभी आवश्यक कागजी प्रक्रियाएं पूरी कीं। उसकी कठिनाई और आत्मनिर्भर बनने की इच्छा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने शीघ्र कार्रवाई की। क्षेत्रीय विधायक संपत अग्रवाल की उपस्थिति में आयोजित शिविर स्थल पर संजीव को मोटराइज्ड ट्राइसिकल प्रदान की गई। इस मोटराइज्ड ट्राइसिकल से अब संजीव स्वतंत्र रूप से अपने कार्यस्थल और अन्य आवश्यक स्थानों पर आवागमन कर सकेगा। यह सहायता न केवल उसकी रोजमर्रा की कठिनाइयों को कम करेगी, बल्कि उसे पुनः आत्मनिर्भर बनाकर समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में सहायक सिद्ध होगी। संजीव ने इस सहयोग के लिए दिल से शासन एवं समाज कल्याण विभाग का आभार व्यक्त किया।

## बसना में 2 नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकानों के लिए आवेदन आमंत्रित

**महासमुंद, 14 मई ( संवादसाधना )।** बसना में शासकीय उचित मूल्य की दुकानों का युक्तियुक्तकरण किया जाना है। नगरीय क्षेत्र में 500 राशनकार्ड वाले क्षेत्र के लिए एक उचित मूल्य की दुकान होगी। तदानुसार युक्तियुक्तकरण के लिए गठित दल द्वारा नगर पंचायत बसना में 02 नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकानों सिटी ग्राउंड दशहरा मैदान एवं पुराना सोसायटी वार्ड क्रमांक-13 का नवीन आवंटन किया जाना है। राशन दुकान सिटी ग्राउंड दशहरा मैदान अंतर्गत वार्ड 09, 10, 11 एवं 12 तथा पुराना सोसायटी वार्ड -13 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 01, 13, 14 एवं 15 शामिल है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बसना मनोज खांडे ने बताया कि नगर पंचायत बसना के उक्त वार्डों के लिए प्रचलित राशनकार्ड की संख्या के आधार पर 02 नवीन शासकीय उचित मूल्य की दुकान का आबंटन के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उचित मूल्य की दुकान संचालन के लिए इच्छुक समिति निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्रपत्र समस्त आवश्यक दस्तावेजों के साथ 23 मई 2025 तक अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कार्यालय बसना में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

## सुदामा द्वारा कृष्ण का द्वार कहां है पूछते-पूछते आने के कारण नाम पड़ा द्वारका

### तीर्थ पुरोहितों और पंडा पंचायत ने भगवताचार्य पं. पंकज तिवारी का किया अभिनंदन

**महासमुंद, 14 मई ( संवादसाधना )।** द्वारका धाम गुजरात के माहेश्वरी सेवाकुंज में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के भगवताचार्य पं. पंकज तिवारी का द्वारका के तीर्थ पुरोहितों, पंडा पंचायत के प्रतिनिधिमंडल ने कथा मंच पहुंचकर गमछा और द्वारकाधीश की फोटो भेंटकर अभिनंदन करते हुए कथा श्रवण करने छत्तीसगढ़ महासमुंद क्षेत्र से पहुंचे श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी। उन्होंने द्वारका क्षेत्र की महिमा व तुलादान की महत्ता भी बताई। तीर्थ पुरोहित बाबुल भाई ने बताया कि सुदामा के कृष्ण का द्वार कहां है पूछते हुए पहुंचने के कारण इसका नाम द्वारका पड़ा। इसके पूर्व श्रीमद् भागवत कथा आयोजन समिति के बाबूलाल साहू, मूलचंद लड्ढा ने पंडा पंचायत के प्रतिनिधिमंडल का श्रीफल व तिलक लगाकर स्वागत किया। व्यास पीठ से कथा वाचन करते हुए पं. पंकज तिवारी ने सती व ध्रुव चरित्र का बखान करते हुए बताया कि विद्या, यज्ञ, तप धन, श्रेष्ठ कुल, युवा शरीर से विनम्रता आती है। उन्होंने बताया कि विद्या की सार्थकता तभी है, जब उसमें विनम्रता का भाव हो। लेकिन, कभी-कभी मनुष्य ज्यादा पढ़ लिख लिया हूं कह कर अहंकार में डूब जाता है। इसी तरह तप, त्याग, धन से भी अभिमान आ जाता है। दक्ष को भी अभिमान हुआ और उन्होंने शिव को अपमानित करने के लिए यज्ञ का आयोजन किया और इसमें अपने जामाता शिव को आमंत्रित नहीं किया। देवताओं द्वारा जब सती को अपने पिता के यहां यज्ञ आयोजित होने की जानकारी हुई तो वह भगवान शिव से जाने की जिद करने लगीं। इस पर भगवान ने उन्हें समझाया कि बिना निमंत्रण के नहीं जाना चाहिए। स्वाभिमान की रक्षा करना चाहते हैं तो अभिमानी से दूर रहना चाहिए। प्रजापति दक्ष का यज्ञ भी अपमान भाव से हो रहा था, इसलिए वहां विपत्ति आई और यज्ञ विध्वंस हुआ। पं तिवारी ने सती के देह त्याग और यज्ञ विध्वंस कथा का विस्तार से व्याख्या करते हुए कहा कि जहां अधर्म भाव से पूजा हो तो वहां विपत्ति आती है। दक्ष के यज्ञ में अपमानभाव था। इसलिए यज्ञ का विध्वंस हुआ। देवताओं के अनुरोध के बाद यज्ञ की पूर्णता के लिए भगवान शिव ने पुनः दक्ष को बकरे का सिर लगाकर जीवित किया। उन्होंने बताया कि बिना शिव की पूजा के यज्ञ, तप की सार्थकता प्राप्त नहीं होती। इसलिए सभी देवताओं ने अपने जीवनकाल में एक-एक शिवलिंग की स्थापना अवश्य की है। उन्होंने बताया कि द्वारकाधाम में भी ब्रह्मा, इंद्र, स्वयं द्वारकाधीश और अन्य देवताओं ने भी शिवलिंग स्थापित किया है। इसी तरह व्यास पीठ से ध्रुव चरित्र का बखान करते हुए बताया कि द्वादश मंत्र जाप से ध्रुव ने साक्षात नारायण को 5 वर्ष की अवस्था में ही प्राप्त कर लिया था। लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रत्येक मनुष्य को ध्रुव की तरह ही कठिन से कठिन परिश्रम करना चाहिए। ध्रुव ने 6 माह तक कठोर तप किया। जब कोई व्यक्ति लक्ष्य प्राप्ति में कठोर प्रयास करता है तो देवता भी सहायक होते हैं। ध्रुव की साधना, तपस्या से सभी देवताओं ने भगवान नारायण से प्रार्थना की कि वह ध्रुव को दर्शन देकर उनकी मनोकामना पूर्ण करें।



## दिव्यांगों ने नपाध्यक्ष को बताई समस्या, सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद, 14 मई ( संवादसाधना )।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू से दिव्यांगों ने मुलाकात कर अपनी समस्या बताई। दिव्यांगों ने साहू को बताया कि जिले में 33 हजार दिव्यांग हैं। जिनके लिए जिला मुख्यालय में दिव्यांग भवन की आवश्यकता है। जिले के विभिन्न ब्लाकों से दिव्यांग जिला मुख्यालय आते हैं, दूरस्थ अंचल के कई दिव्यांग इतने सक्षम नहीं होते कि वे बस का किराया भी वहन कर सकें। किसी तरह वे बस किराया के लिए राशि जुटाकर यहां पहुंचते हैं। कई बार शासकीय कार्यालयों में उनका कार्य नहीं हो पाता। इस स्थिति में दिव्यांगों को अगले दिन आने कहा जाता है। जिससे बार- बार आने जाने में दिव्यांगों को अतिरिक्त भार पड़ता है। वे इतने समर्थ नहीं होते कि लॉज या होटलों में रुक सकें। इसलिए दिव्यांगों के लिए एक दिव्यांग भवन बनाया जाए। ताकि, जिले के अंतिम छोर से जिला मुख्यालय आने वाले दिव्यांगों को एक सर्व सुविधायुक्त ठहरने की जगह मिल सके। दिव्यांगों ने नपाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपकर इस विषय पर सकारात्मक पहल की मांग की। जिस पर नगर पालिका अध्यक्ष साहू ने उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर लक्ष्वंतीं साहू, बोधराम साहू, संजय परमार, सूरजो यादव, प्रतिम बंजारे, रानू पटेल, पद्मा जांगड़े आदि उपस्थित थे।



## 24 लाख किसानों की किसान आईडी बना -केन्द्रीय कृषि मंत्री सिंह

**रायपुर, 14 मई ( एजेंसी )।** केन्द्री कृषि मंत्री ने यहां यह बताया कि कृषि के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ बहुत उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। यहाँ उत्पादन बढ़ाने, फल सब्जी का उत्पादन करने का काम हो, बेहतर काम हो रहा है।

केन्द्रीय कृषि मंत्री ने बताया कि कृषि विकास योजना, पर ड्रॉप, मोर क्रॉप, मेकेनाइजेशन के लिए 215 करोड़ 3 लाख रुपये का बजट स्वीकृत है। मन में एक ही तड़प है कि हमारे छत्तीसगढ़ के किसान और आगे बढ़ें। विकसित भारत के निर्माण के लिए विकसित छत्तीसगढ़। मेरी कोशिश है विकसित छत्तीसगढ़ के लिए विकसित खेती, समृद्ध किसान, गरीबी मुक्त ग्रामीण भाई बहन। केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं को भी लागू किया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार को मिलकर काम करना होगा। आज केन्द्रीय कृषि मंत्री ने राज्य के विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

## स्कूटर की डिक्की से तीस हजार व आईफोन चुराने वाला चोर पकड़ाया

**रायपुर, 14 मई ( एजेंसी )।** थाना तेलीबांधा क्षेत्र के एक होटल में शादी के लिए मेकअप करने वाली महिला के वाहन से तीस हजार रुपए नगद तथा आईफोन चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 08मई 2025 को प्राथीर्या मेकअप पार्लर का आर्डर मिलने पर अपने पार्लर टीम के साथ अपनी एक्टीवा से ओमाया गार्डन तेलीबांधा गई थी एक्टीवा को पार्किंग में खड़ी करके अपने नये आई फोन 15 मोबाईल एवं पर्स में रखे 30000 रुपए को एक्टीवा के डिक्की में रखकर पार्लर काम करने अपने टीम के साथ होटल अंदर गई थी। मेकअप पार्लर का काम खत्म करके घर जाने के लिए अपनी एक्टीवा के पास गई तो देखा कि एक्टीवा की डिकी खुली हुई थी और डिक्की के अंदर रखे नई आई फोन 15 मोबाईल एवं पर्स में रखे 30000 रुपए पर्स सहित नही था जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। रिपोर्ट पर तेलीबांधा पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान घटनास्थल का निरीक्षण कर घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा के अवलोकन पर जुपीटर वाहन क्रमांक सीजी 04 एचयू 4788 के संदेही निखिल जग्गी को पकड़कर पुछताछ की गई तो उसने बताया कि दिनांक घटना को रवी रोहरा नामक युवक उसका जुपीटर वाहन लेकर गया था। जिसपर रवि रोहरा उम्र 42 वर्ष पता मातृ पितृ छाया अपार्टमेंट के पास थाना न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर को हिरासत में लेकर पुछताछ किया गया तो आरोपी ने चोरी करना कबुल कर लिया तथा पुलिस को बताया कि उसने अपने घर कमल विहार किराये के मकान से घटना मे प्रयुक्त जुपीटर कमांक सीजी 04 एचयू 4788 एक नग मोबाइल आईफोन 15-128 जीबी एवं नगदी रकम 4000 रुपए को छुपाकर रखा है जिसे पुलिस ने मौके से जप्त कर लिया। आरोपी ने शेष रकम 26000 रुपए खाने पीने में खर्चा कर देना बताया। आरोपी रवी रोहरा को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।


**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग महासमुन्द**

**मैन्युअल पद्धति निविदा आमत्रंण सूचना क्रमांक- 1**

क्रमांक/1/ निविदा./ग्रा.यां.से./2025-26 महासमुन्द दिनांक 08/05/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु मैन्युअल निविदा आमंत्रित की जाती है-

**वि.ख. पिथौरा अन्तर्गत विभिन्न शाला भवनों में स्वीकृत निर्माण कार्य ( विद्युतीकरण कार्य छोड़कर )**

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु.लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | पी.एम.श्री. स्वामी आत्मानंद शासकीय हायर सेकेन्डरी अग्रेंजी माध्यम विद्यालय पिथौरा में बायो लैब (जीव विज्ञान प्रयोगशाला कक्ष) केमेस्ट्री लैब (रसायन विज्ञान प्रयोगशाला कक्ष) एवं फिजिक्स लैब (भौतिक विज्ञान प्रयोगशाला कक्ष) का निर्माण कार्य (यू डाईस कोड 22121125211) (प्रत्येक कार्य की राशि 7.18 लाख रू. है तथा अलग-अलग कार्यों हेतु निविदा अलग-अलग भरी जावे) | 21.54 लाख |
| 4 | शासकीय हाई स्कुल जबलपुर में पुस्तकालय कक्ष का निर्माण कार्य (यू डाईस कोड 22121108303) | 8.34 लाख |
| 5 | शासकीय हाई स्कुल साल्हेतराई में कम्प्यूटर कक्ष का निर्माण कार्य (यू डाईस कोड 22121110503) | 6.49 लाख |
| 6 | शास. हायर सेके. स्कुल कोल्दा में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य (यू डाईस कोड 22121113708) | 7.18 लाख |
| | **वि.ख. बसना अन्तर्गत विभिन्न शाला भवनों में स्वीकृत निर्माण कार्य ( विद्युतीकरण कार्य छोड़कर )** | |
| 1 | पी.एम.श्री. स्वामी आत्मानंद शासकीय हायर सेकेन्डरी अग्रेजी माध्यम विद्यालय बसना में बायो लैब (जीव विज्ञान प्रयोगशाला कक्ष) राशि 7.10 लाख रू. एवं पुस्तकालय कक्ष राशि 8.39 लाख का निर्माण कार्य (यू डाईस कोड 22122825304) (प्रत्येक कार्य की राशि अलग-अलग होने के कारण अलग-अलग कार्यों हेतु निविदा अलग-अलग भरी जावे) | 15.49 लाख |
| 3 | शासकीय हाई स्कूल रोहिना में पुस्तकालय कक्ष राशि 8.39 लाख रू. एवं कम्प्यूटर कक्ष राशि 6.41 लाख रू. का निर्माण कार्य (यू डाईस कोड 22122812006) (प्रत्येक कार्य की राशि अलग-अलग होने के कारण अलग-अलग कार्यों हेतु निविदा अलग-अलग भरी जायें) | 14.80 लाख<br>7.19 लाख |
| 5 | शासकीय हायर सेकेन्डरी स्कुल भंवरपुर में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य (यू डाईस कोड 22122808007) | 7.19 लाख |
| 6 | शासकीय हायर सेकेन्डरी स्कुल बरोली में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य (यू डाईस कोड 22122803906) | |
| 7 | शासकीय हाई स्कूल नौगढी में पुस्तकालय कक्ष का निर्माण कार्य (यू डाईस कोड 22122802205) | 8.39 लाख |

**( टीप - उपरोक्त कार्यों के निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 22/05/2025 )**

उपरोक्त निर्माण कार्यों के निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारियों विभागीय वेबसाईड https:/ires.cg.gov.in में दिनांक 08/05/2025 से डाउनलोड की जा सकती है।

**जी-252600827** **कार्यपालन अभियंता**



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग,**

**रायपुर मण्डल क्रमांक 2 ( छत्तीसगढ़ )**

**ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**

दिनांक 08 .05.2025

निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा 'डी' श्रेणी एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों हेतु प्रथम निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 27.05.2025 तक है।

| एन.आई.टी क्रमांक/ निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| NIT NO. 23 Tender No. 168001 | जिला महासमुंद के उपसंभाग क्र. 1 अंतर्गत विभिन्न मुख्य जिला मार्गो, ग्रामीण मार्गों एवं अन्य जिला मार्गो का डब्ल्यू.एम.एम. एव बी.टी. पेंच मरम्मत कार्य। | रू. 25.00 लाख |
| NIT NO. 24 Tender No. 168002 | जिला महासमुंद के उपसंभाग क्र. 2 अंतर्गत विभिन्न राज्य मार्ग, मुख्य जिला मार्गों एवं ग्रामीण मार्गों का डब्ल्यू.एम.एम. एव बी.टी. पेंच मरम्मत कार्य। | रू. 25.00 लाख |
| NIT NO. 25 Tender No. 168003 | जिला महासमुंद के उपसंभाग क्र. 1 अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का विशेष मरम्मत एवं लघूमूल गौण कार्य। | रु. 35.00 लाख |
| NIT NO. 26 Tender No. 168005 | जिला महासमुंद के उपसंभाग क्र. 1 अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत एवं रंगााई पोताई कार्य। | रू. 35.00 लाख |
| NIT NO. 27 Tender No. 168006 | जिला महासमुंद के उपसंभाग क्र. 2 अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का विशेष मरम्मत एवं लघूमूल गौण कार्य। | रू. 15.00 लाख |
| NIT NO. 28 Tender No. 168007 | जिला महासमुंद के उपसंभाग पिथौरा अंतर्गत विभिन्न मुख्य जिला मार्गो एवं ग्रामीण मार्गो का डब्ल्यू.एम.एम. एव बी.टी. पेंच मरम्मत कार्य। | रू. 25.00 लाख |
| NIT NO. 29 Tender No. 168009 | जिला महासमुंद के उपसंभाग पिथौरा अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का विशेष मरम्मत एवं लघूमूल गौण कार्य। | रु. 15.00 लाख |
| NIT NO. 30 Tender No. 168010 | जिला महासमुंद के उपसंभाग सरायपाली अंतर्गत विभिन्न राज्य मार्ग, मुख्य जिला मार्गों एवं ग्रामीण मार्गों का डब्ल्यू.एम.एम. एव बी.टी. पेंच मरम्मत कार्य। | रू. 25.00 लाख |
| NIT NO. 31 Tender No. 168011 | जिला महासमुंद के उपसंभाग सरायपाली अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का विशेष मरम्मत एवं लघूमूल गौण कार्य। | रू. 15.00 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र,बिड केपेसीटी उपलब्धत्ता बाबत जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेग, एवं निविदाकारो द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारो का मोबाईल न. एवं इमेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रुप से करें।

**अधीक्षण अभियंता**

**लो.नि.वि. रायपुर मण्डल क्र.2 ( छ.ग. )**

**जी-252600826** **आपकी थी चाह, हमने बनाई राह**

# महासमुंद जिला

**संवाद साधना** | महासमुंद, बुधवार 14 मई 2025 | 8


## न्यूज ब्रेक

### पुरानी रंजिश पर रॉड से मारपीट

**महासमुंद।** नगर के नयापारा में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार महासमुंद के नयापारा वार्ड 6 निवासी माया पाण्डेय ने बताया कि 12 मई को वह बाहर गयी थी, मोहल्ले वालों ने उन्हे फोन कर बताया कि तुम्हारे पति देवनारायण के साथ मोहल्ले के लोग मारपीट कर रहे हैं। खबर सुनकर वह पहुंची । उनके पति को जिला अस्पताल महासमुंद ले जाया गया। उन्होंने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर शाम करीब 6:30 बजे देवनारायण पाण्डेय के साथ समीर खान , शिव थापा और उसके साथियों ने गाली -गलौज कर जान की धमकी देते हुए रॉड और कड़ा से मारपीट की। मारपीट से सिर, चेहरा, सीना, पैर व हाथ में चोटें आई है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी समीर खान, शिव थापा व अन्य के खिलाफ धारा 115(2)-, 296-, 3(5)-, 351 (3)-बीएनएस मामला पंजीबद्ध किया है।

### अधेड़ महिला ने लगाई फांसी

**महासमुंद।** सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम कापूडीह में एक अधेड़ महिला ने पानी टंकी में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना मंगलवार सुबह करीब 5.30 बजे की बताई जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि कापूडीह निवासी ललिता लहरे (55) मंगलवार सुबह गांव के पानी टंकी में चढ़ कर टंकी की सीढ़ी में लगे लोहे की पाइप की रेलिंग में फांसी लगाकर झूल गई। सुबह वहां से गुजर रहे लोगों की नजर पड़ी तो इसकी सूचना सरायपाली थाने में दी। सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर शव को पीएम के लिए भेजा। पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने बताया कि महिला की आत्महत्या के कारण का पता नहीं चल पाया है। पूछताछ की जा रही है। पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है।

### स्कॉर्पियो पलटने से चालक मृत

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र के ग्राम सरकण्डा एवं अजगरखार के बीच बारात से लौटते समय एक स्कॉर्पियो खेत में पलट गई, जिससे चालक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार 11 मई की सुबह करीब 7 बजे सरकण्डा निवासी कमलेश नायक अपने स्कार्पियो वाहन सीजी 06 जी आर 9966 को चलाते हुए अजगरखार से बारात लेकर केजुवां गया था। वापसी में रात करीब 2:30 बजे सरकण्डा व अजगरखार के बीच अनियंत्रित होकर खेत में पलट गई। जिससे कमलेश की मौके पर ही मृत्यु हो गई। मामले में पुलिस ने 106(1)-बीएनएस का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया।

### तुषार ने किया मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित

**महासमुंद।** भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने कक्षा 10वीं में 93.67 प्रतिशत के साथ बिरकोनी स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली सुजल साहू और कक्षा 12वीं में 75.3 प्रतिशत के साथ बिरकोनी स्कूल में दूसरे स्थान प्राप्त करने वाले गुलशन साहू दोनों भाई -बहनों को उनके घर पहुंच कर गमछा, श्रीफल, लिफाफा, भेंटकर सम्मानित किया।

## बीटीआई रोड चौड़ीकरण व सौंदर्यीकरण प्रारंभ

**महासमुंद, 14 मई**
**(संवाद साधना)**

शहर की बहुप्रतीक्षित मांग बीटीआई रोड चौड़ीकरण व सौंदर्यीकरण के लिए आज विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने स्थानीय बरोंडा चौक से कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। शहर के बीटीआई रोड गौरव पथ चौड़ीकरण व सौंदर्यीकरण की मांग काफी समय से की जा रही थी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कार्य का भूमिपूजन कर चुके हैं।

बता दें कि शहर के प्रस्तावित गौरव पथ के लिए पिछले सप्ताहभर से नाप जोख का कार्य जारी है। फोरलेन की जद में आने वाले सड़क के किनारे हुए अतिक्रमण, विद्युत पोल और पेड़ों को भी हटाए जाने की तैयारी है। सड़क के दोनों ओर नाली निर्माण होगा। 18 करोड़ रुपए की लागत से करीब 3 किमी तक फोरलेन में सड़क के बीच में डिवाइडर होगा। मिली जानकारी के अनुसार सड़क की चौड़ाई दोनों ओर साढ़े आठ मीटर होगी।



कलेक्टोरेट मार्ग की ओर से सभी शासकीय कार्यालय और आवास होने के कारण सर्वाधिक ज्यादा आवाजाही होती है। प्रतिदिन इस मार्ग से अधिकारी और जनप्रतिनिधि गुजरते हैं। लंबे समय से चौड़ीकरण की मांग की जा रही थी। सड़क चौड़ी होने के साथ ही डिवाइडर बनने से आवागमन सुलभ होगा। चौड़ीकरण का कार्य बरोंडा चौक से लेकर कलेक्ट्रेट आवास के पुल तक किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, प्रदीप चंद्राकर, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पार्षद नानू भाई, पीयूष अमृत साहू, चंद्रशेखर बेलदार, मनीष शर्मा, सुभ्रा मनीष शर्मा, भाऊराम साहू,सीता तोंडेकर, मीना वर्मा, महेंद्र सिक्का, प्रशांत श्रीवास्तव, सतपाल पाली आदि उपस्थित थे।

### हटाए जाएंगे अतिक्रमण

निर्माण कार्य शुरू होने से पहले बीटीआई रोड से अतिक्रमण हटाया जाएगा। मार्ग की दोनों ओर दुकानें हैं और कई दुकानदारों ने आगे तक दुकानें बढ़ा ली है। वहीं दूसरी ओर बीटीआई रोड कई जगह संकरा है। जैसे-वन विभाग और एक्सिस बैंक के पास मार्ग संकरा है। जिससे लोगों को आने-जाने में भी समस्या होती है। बारिश के बाद बीटीआई मार्ग पर गड्ढे हो जाते हैं। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। शहर के विस्तार के साथ ही इस मार्ग पर चहल-पहल बढ़ गई है और आएदिन इस मार्ग पर दुर्घटना भी होती है। लोक निर्माण विभाग के ईई चंद्रशेखर चंद्राकर ने बताया कि शीघ्र ही बीटीआई रोड पर कार्य शुरू होगा।



## भाजपा पार्षदों की बैठक में अनेक विषयों पर हुई चर्चा

**महासमुंद, 14 मई (संवाद साधना)।** भाजपा पार्षदों की बैठक भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र सिका द्वारा स्थानीय कार्यालय में रखी गई। बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू उपस्थित थे। गौरतलब है कि नगर पालिका परिषद महासमुंद में एक राष्ट्र एक चुनाव विषय को लेकर विशेष बैठक रखने का आवेदन नगर पालिका अधिनियम 57 के तहत 24 अप्रैल 2025 को भाजपा पार्षदों ने किया था। जिसके तहत 14 मई को नगर पालिका परिषद में विशेष बैठक होनी है। पालिका में बैठक के पूर्व पार्षदों से कहा गया एक राष्ट्र एक चुनाव पर स्वच्छ स्वस्थ चर्चा पालिका में करते हुए प्रस्ताव पर सहमति बनाएं। परिषद के अन्य विषयों पर चर्चा हुई। 15 मई को केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू के खल्लारी प्रवास के दौरान नगर पालिका में स्वागत पर चर्चा की गई। चेम्बर आफ कॉमर्स जिला महासमुंद द्वारा 16 मई दोपहर 3 बजे एक राष्ट्र एक चुनाव पर गोष्ठी आयोजित है। प्रमुख वक्ता सांसद रूपकुमारी चौधरी, पूर्व विधायक बेमेतरा अवधेश चंदेल होंगे। बैठक में नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पार्षदगण नानू भाई, शुभ्रा शर्मा, मनीष शर्मा, पप्पू ठाकुर, सीता डोंडेकर, जरीना हफीज कुरैशी, माखन पटेल, कल्पना सूर्यवंशी, माधुरी ,धनीराम यदु, चंद्रशेखर बेलदार, भाऊराम साहू, पीयूष साहू, धनेश्वरी, सोनाधर सोनवानी एवं भाजपा वरिष्ठ नेता मुन्ना साहू उपस्थित थे।

# एक ही परिवार के सभी 4 के शव मिले

## बागबाहरा में हृदयविदारक घटना, जनचर्चा-पत्नी-बच्चों को जहर खिलाने के बाद की होगी आत्महत्या

**महासमुंद, 14 मई**
**(संवाद साधना)**

बागबाहरा में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। यहां एक ही परिवार के चार लोगों ने आत्महत्या कर ली। जिसमें पति-पत्नी और दो बच्चे शामिल हैं। मौके से एक सुसाइड नोट मिला है। फिलहाल मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम और पुलिस जांच कर रही है इसके बाद ही पूरे मामले का खुलासा हो पाएगा।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडे ने बताया कि आज सुबह बागबाहरा टाऊन हाल के पास पीडब्लूडी कर्मचारी कालोनी के ब्लाक एच- 2 के 5 नंबर के घर का दरवाजा नहीं खुलने और अंदर से कोई आवाज न आने पर पड़ोसियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उनके परिजनों को सूचना दी और पुलिस ने परिजन व तहसीलदार की उपस्थिति में घर का दरवाजा खोला। जहाँ घर के अंदर एक कमरे में प्री-मैट्रिक व अनुसूचित जाति बालक छात्रावास में पदस्थ कर्मचारी बसंत पटेल (42) की लाश फांसी के फंदे पर लटकी मिली वहीं दूसरे कमरे में उनकी पत्नी भारती पटेल (38), बेटी सेजल पटेल (11) और बेटा कियांश पटेल (4) की लाश बिस्तर पर पड़ी मिली। एएसपी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला सामूहिक आत्महत्या का लग रहा है, जिसमें बसंत की मौत फांसी लगाने और उनकी पत्नी व बच्चों की मौत जहर खाने से हुई है। पुलिस ने परिजनों की उपस्थिति में चारों शवों का पंचनामा के बाद पीएम के लिए भेज दिया है। फिलहाल फारेसिंक टीम मौके पर पहुंची और सभी पहलुओं की जांच कर रही है। पूरे परिवार ने आत्महत्या जैसा घातक कदम क्यों उठाया, इसके पीछे क्या कारण रहा होगा यह सब जांच का विषय है।





### सुसाइड नोट में लिखा-सामूहिक आत्महत्या का जिम्मेदार मैं स्वयं

बताया जाता है मृतक मूलतः झलप के पास ग्राम चिरको का निवासी है और वर्ष 2008 से प्री मैट्रिक व अनुसूचित जाति बालक छात्रावास में पदस्थ था। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है। एएसपी प्रतिभा पांडे ने बताया सुसाइड नोट में मृतक ने इस सामूहिक हत्याकांड का जिम्मेदार स्वयं को बताया है, पर कारण स्पष्ट नहीं लिखा है।

इधर, शहर में सामूहिक आत्महत्या का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। शहर में चर्चा है पहले बसंत ने पत्नी-बच्चों को जहर खिलाकर मौत की नींद सुलाया होगा, बाद खुद फांसी पर लटक कर जान दी होगी।

## हत्या के दो मामले में नाबालिग समेत 5 पकड़ाए

**महासमुंद।** पुलिस ने हत्या के दो मामले में नाबालिग सहित 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। कोमाखान थाना क्षेत्र के टोंगोपानी -कसेकेरा के खेत में टेप से बंधे मिले शव के मामले में पुलिस ने नाबालिग सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है, वहीं दूसरे मामले में भंवरपुर चौकी अंतर्गत ग्राम सनबहाली में जादू टोना के शक में हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी पोता को गिरफ्तार कर लिया है। पहले मामले को लेकर कोमाखान पुलिस ने बताया कि 9 मई को सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर मर्ग कायम किया। मामले में अज्ञात के खिलाफ धारा 103(1), 238(ए), 140(1), 308(4), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

विवेचना के दौरान हत्या के सभी संभावित बिंदुओं की जांच करते हुए पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य जुटाए । शव की शिनाख्त शक्तिनगर निवासी मानस रंजन त्रिपाठी के रूप में की गई। ग्रामवासियों से पूछताछ में पता चला कि मानस को अंतिम बार परसु डड़सेना के साथ देखा गया था। संदेही मौहाभाटा निवासी परसु डड़सेना को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई , जिस पर उसने अपने अन्य दोस्तों सरोज कुमार, गणपत डड़सेना व एक नाबालिग के साथ मिलकर फिरौती लेने के उद्देश्य से मृतक को नुआपड़ा के सुख सागर रेस्टोरेंट के पास से अपहरण कर गणपत के टवेरा वाहन से ले जाना व हत्या कर देना बताया। आरोपी की निशानदेही पर अन्य आरोपियों को भी अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। मामले में पुलिस ने आरोपी परसू डड़सेना (20 ) गणपत डड़सेना (27), गरतोर निवासी सरोज डड़सेना (24) और विधि से संघर्षरत बालक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा है।

## खेल से ही अनुशासित होता है विद्यार्थी जीवन : निखिलकान्त

**महासमुंद, 14 मई**
**(संवाद साधना)**

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद में वार्षिक क्रीड़ा उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू रहे। अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल ने की। कार्यक्रम के संयोजक महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रतिमा चंद्राकर तथा छात्र संघ संयोजक रवि देवांगन सहायक प्राध्यापक मौजूद थे। प्राचार्य अग्रवाल ने कहा कि खेल शिक्षा का अभिन्न अंग है। मुख्य अतिथि निखिलकांत साहू ने खेल से विद्यार्थी जीवन के अनुशासित होने की बात कही। उन्होंने बच्चों को अपने महाविद्यालयीन शिक्षा के दौरान होने वाले खेलों के अनुभवों को साझा कर सभी छात्रों को उत्साह से भर दिया। तत्पश्चात खेल में विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। खेल प्रातः 8 बजे से प्रारंभ हुआ। इस वार्षिक क्रीड़ा उत्सव में मुख्य रूप से क्रिकेट, शतरंज, दौड़, बैकवर्ड दौड़, लंगडी दौड़, आर्म रैसलिंग (पंजा लड़ाना) बॉल इन बकेट, कुर्सी दौड़ में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। क्रिकेट में आत्मानंद जूनियर की टीम ने जीत हासिल की। वह आत्मानंद सीनियर रनर अप रहे। वैसे ही आर्म रैसलिंग में सिबतैन, आदिल, विजय लक्ष्मी, माहिनूर खान, बाल इन बकेट में हेमलता निषाद, ट्विंकल साहू, म्यूजिकल चेयर में आकृति यादव, हरसु साहू ने जीत दर्ज की।




वर्षभर महाविद्यालय में हुए विविध खेलों पर बेस्ट प्लेयर का अवार्ड हुसैन चौहान क्रिकेट, निखिल साहू आर्चरी, अंकुर जैन, अभय, गणेश एवं सिबतैन रजा को दिया गया। कार्यक्रम का संचालन निलेश कुमार तिवारी ने किया। कार्यक्रम के दौरान तरुण कुमार बांधे, मुकेश कुमार सिन्हा, हरिशंकर नाथ, डॉ. ग्लैडिश एस मैथ्यू, आलोक हिरवानी, चित्रेश बरेठ, संजय कुमार, शिखा साहू, खुशबू लाइब्रेरियन, जगतारण बघेल, शेषनारायण साहू, नानक साहू समेत सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## चन्द्रोदय पब्लिक स्कूल में 10वीं-12वीं का परिणाम शत-प्रतिशत

**महासमुंद, 14 मई**
**(संवाद साधना)**












केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने मंगलवार को कक्षा दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट घोषित किया। जिसमें नगर के चन्द्रोदय पब्लिक स्कूल में कक्षा दसवीं और बारहवीं बोर्ड का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा बारहवीं बोर्ड में प्रियंका विश्वकर्मा 92.2% के साथ प्रथम, पारुल चंद्राकर (87.6%) द्वितीय, हर्षकांत चंद्राकर (82.4%) तृतीय, अर्पिता नशीने (80.2%) चतुर्थ और पांचवे स्थान पर सागरिका हालदार एवं फाल्गुनी दुबे 78.2 प्रतिशत रहे। कक्षा दसवीं बोर्ड में अदिति द्विवेदी ने 87.6 प्रतिशत हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही द्वितीय स्थान प्रियांश बढ़ई (86.4%) तृतीय स्थान कुमारी प्रार्थना चंद्राकर, परिणीता चंद्राकर और अंशिका मिश्रा (85.6 %) चौथा स्थान श्रेयांश द्विवेदी (84.8%) और अभयराज गायकवाड़ ने 84.4 प्रतिशत के साथ पांचवा स्थान प्राप्त किया ।

सीबीएसई बारहवी बोर्ड में बच्चों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर छत्तीसगढ़ चंद्रनाहु शिक्षण समिति के अध्यक्ष राहुल चंद्राकर, उपाध्यक्ष चंद्रपाल चंद्राकर, सचिव कमलेश चंद्राकर, प्राचार्य नवीन कुमार, उप प्राचार्य श्रीमती मंजुला चंद्राकर, सह सचिव बंशीलाल चंद्राकर, उपाध्यक्ष द्रोण चंद्राकर एवं समिति के सभी गणमान्य सदस्यों ने बच्चों की इस उपलब्धि पर शाला परिवार को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इस अपार सफलता के पीछे विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शाला प्रबंधन समिति का उत्कृष्टता के लिए अथक प्रयास, अभिभावकों का सहयोग एवं शिक्षकों का मार्गदर्शन अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। सभी 10 टॉपर्स को स्कूल द्वारा सम्मान भी प्रदान किया जाएगा।

प्राचार्य नवीन कुमार के बताया कि साल दर साल चंद्रोदय पब्लिक स्कूल, महासमुंद के विद्यार्थियों का परिणाम उत्कृष्ट होता जा रहा है, पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष जायदा बच्चों ने 80 % से अधिक अंक हासिल किया है वही 70 % हासिल करने वाले विद्यार्थियों की भी संख्या बढ़ी है । वही प्रतियोगिता परीक्षाएं आईआईटी जेईई, नीट, सीपीटी, क्लैट, ठऊअ इत्यादि की परीक्षा में भी बच्चों का प्रदर्शन इस वर्ष सराहनीय रहा है। वहीं इस वर्ष कक्षा दसवीं की छात्रा कुमारी अदिति द्विवेदी ने कंप्यूटर एप्लिकेशन विषय में पूरे 100/100 अंक हासिल कर स्कूल एवं परिवार का नाम रोशन किया है। इस पर स्कूल परिवार ने बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

## पीएमश्री में दसवीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी परिणाम के अनुसार पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय में दसवीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत और बारहवीं का परीक्षा परिणाम 96.8 प्रतिशत रहौ। विद्यालय के प्राचार्य संजय कंसल ने बताया कि इस वर्ष दसवीं मे कुल 69 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी जिसमें 65 विद्यार्थी प्रथम और 40 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किए हैं। दसवीं में रोहन कुमार सेन , सौम्य कुमार साहू ने प्रथम, शिवम तिवारी ने द्वितीय एवं शब्द भरत चन्द्राकर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार बारहवीं मे 63 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी जिसमें से 49 विद्यार्थियों ने प्रथम व 14 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किए हैं । बारहवीं में खिमेन्द्र साहू (कामर्स) ने प्रथम , स्नेहा घाटगे (विज्ञान) ने द्वितीय एवं पार्थ शर्मा ( विज्ञान) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के प्राचार्य, गुरुजन एवं परिजनो ने सभी विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की है।


स्वामित्व **कविता शर्मा** के लिए प्रकाशक **विपिन कुमार दुबे** मुद्रक **विपिन कुमार दुबे** द्वारा श्वेता ऑफसेट वार्ड नं. 28 बीटीआई रोड महासमुंद प्रकाशन स्थल वार्ड नं.28 बीटीआई रोड महासमुंद **संपादक विपिन कुमार दुबे**, डाक पं.क्र.CG/RYP DN/19/2011-13, RNI. NO.CHHHIN/2005/17444फो.224812पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार